सच बोलने की हिम्मत

# राजधानी चौपाल

RNI No. HARHIN/25/A3341

राजधानी चौपाल
समाचार पत्र में किसी भी प्रकार के समाचार, विज्ञप्ति और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें...
94169-26329
93068-13001

अंक : 21 वर्ष : 01 साप्ताहिक (1से 6 जून 2026) पृष्ठ 8 मूल्य : 5/- रुपये E-mail : rajdhanichoupal@gmail.com

## मंत्रियों और सरकारी अधिकारियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही पढ़ना चाहिए

### सोनम वांगचुक






**नई दिल्ली, 8 जून :** NEET प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर देशभर में छात्रों और युवाओं के बीच बढ़ते आक्रोश के बीच रविवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर करपनपूछी जनता पार्टी (CJP) की ओर से विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की और परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रदर्शन में प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता एवं वैज्ञानिक सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के समर्थन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा कि उनका उद्देश्य किसी राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा बनना नहीं, बल्कि उन छात्रों के साथ खड़ा होना है जो न्याय, पारदर्शिता और ईमानदार परीक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक ने कहा कि देश की शिक्षा व्यवस्था में केवल छोटे-मोटे बदलाव पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि इसके लिए बुनियादी और संरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसा कानून बनाया जाए जिसके तहत नेताओं, मंत्रियों और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के बच्चों के लिए सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षा प्राप्त करना अनिवार्य हो। उनका मानना है कि जब नीति-निर्माताओं और आम नागरिकों के बच्चों को समान शिक्षा व्यवस्था मिलेगी, तब सरकारी शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में स्वतः सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार है और इसमें पारदर्शिता तथा समान अवसर सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीकों से अपनी आवाज उठाने का आह्वान भी किया। प्रदर्शन के दौरान उपस्थित युवाओं ने "सोनम वांगचुक को देश का शिक्षा मंत्री बनाया जाए" जैसे नारे लगाए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए वांगचुक ने कहा कि उनकी राजनीति में आने की कोई इच्छा नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की युवा पीढ़ी ही भविष्य में नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाले और व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाए। कार्यक्रम की शुरुआत उन छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करके की गई, जिन्होंने परीक्षा रद्द होने और उससे उत्पन्न मानसिक तनाव के कारण कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। प्रदर्शनकारियों ने मौन रखकर दिवंगत छात्रों को श्रद्धांजलि दी और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता तथा जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग दोहराई। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने कहा कि NEET पेपर लीक जैसी घटनाएं लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार आवश्यक हैं।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दिल्ली पुलिस ने एक ठग को दबोचा

**दिल्ली पुलिस ने नोएडा के सेक्टर-दो में एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर एक साइबर अपराधी मोहम्मद सिराज को गिरफ्तार किया है।**



**बाहरीदिल्ली ,7 जून :** दिल्ली पुलिस ने नोएडा के सेक्टर-दो में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने फर्जी काल सेंटर चलाने वाले साइबर फ्राड सिंडिकेट के एक सदस्य को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस महिला समेत दो अन्य की तलाश कर रही है।

आरोपित इंटरनेट मीडिया पर विज्ञापन के माध्यम से लोगों को बिजनेस फ्रैंचाइजी और डिस्ट्रीब्यूटरशिप दिलाने का आफर देता था और फिर जाल में फांस कर ठगता था। गिरोह ने इंटरनेट मीडिया पर जन सहायता केंद्र फ्रैंचाइजी देने का लुभावना विज्ञापन पोस्ट कर पीड़ित को अपने झांसे में लिया और 21 हजार रुपये की चपत लगाई।

बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बताया कि अफजल खान नामक शिकायतकर्ता ने धोखाधड़ी के संबंध में शिकायत दर्ज कराई। धोखेबाजों ने अफजल खान को जन सहायता केंद्र के लिए एक फ्रेंचाइजी और डिस्ट्रीब्यूटर आईडी देने का वादा किया। इसकी एवज में पैसे मांगे, पैसे मिलने के बाद वे गायब हो गए।.

**मनी ट्रेल ट्रैकिंग के माध्यम से आरोपित के स्थान को चिन्हित**

जिला पुलिस उपायुक्त ने बताया कि एसीपी दिनेश कुमार और साइबर थाना एसएचओ इंस्पेक्टर गोविंद सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच शुरू की। तकनीकी विश्लेषण और मनी ट्रेल ट्रैकिंग के माध्यम से आरोपित के स्थान को चिन्हित किया और मोहम्मद सिराज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।


मोहम्मद सिराज तुगलकाबाद एक्सटेंशन, कालकाजी (दिल्ली) का रहने वाला है। उसके पास से जुर्म में इस्तेमाल किए गए डिजिटल सबूत बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपित से दो एंड्रायड स्मार्टफोन, एक वाई-फाई राउटर, दो एक्टिव सिम कार्ड और एक सिम रैपर बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इस सिंडिकेट ने कितने लोगों को ठगा, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही गिरोह में शामिल अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**लोगों को ऐसे फंसाता था गिरोह**

जिला पुलिस उपायुक्त के अनुसार, आरोपित ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों राहुल (उर्फ अमित) और वैष्णवी के साथ मिलकर नोएडा में एक नकली काल सेंटर चला रहा था। गिरोह ने फेसबुक पर जन सहायता केंद्र फ्रेंचाइजी देने वाले लुभावने विज्ञापन पोस्ट किए। इच्छुक लोगों से क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्ट्रेशन और प्रोसेसिंग फीस ट्रांसफर करने को कहा जाता। पेमेंट मिलने के बाद गिरोह के लोग ने तुरंत पीड़ितों के नंबर ब्लाक कर देते और बाद में ठगे गए पैसे को आपस में बांट लेते।

**साइबर ठगी से बचाना है तो इन बातों को ख्याल रखें**

- कोई भी सरकारी एजेंसी (सीबीआइ, टीआरएआइ, पुलिस) आपको कभी भी फोन काल या वाट्सएप पर गिरफ्तार नहीं करती है। डिजिटल गिरफ्तारी गैर-कानूनी है और होती भी नहीं है।
- अपने फंड को 'वैरिफाई' करने के लिए कभी भी पैसे ट्रांसफर न करें, यह हमेशा एक फ्राड होता है।
- इन्वेस्टमेंट पर गारंटीड रिटर्न हमेशा एक स्कैम होता है। वाट्सएप पर शेयर किए गए मोबाइल एप के माध्यम से कभी भी इन्वेस्ट न करें।
- संदिग्ध कॉल आए तो तुरंत नेशनल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर काल करें या रिपोर्ट करें।





**केरल , 8 जून :** गृह मंत्री अमित शाह नई दिल्ली के आरके पुरम स्थित अयप्पा मंदिर परिसर में नवनिर्मित 'सबरीसम' भवन का उद्घाटन करने पहुंचे. मंदिर के बुनियादी ढांचे का विस्तार करने तथा उसकी धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस नई सुविधा का निर्माण किया गया है. मंदिर अधिकारियों का कहना है कि सबरीसम भवन वर्षभर आयोजित होने वाले आध्यात्मिक समारोहों, सामुदायिक कार्यक्रमों, धर्मार्थ पहलों और विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा. बता दें कि मंदिर की दीवारों के चारों ओर हर दिन सैकड़ों की संख्या में दीपक जलाए जाते हैं. इस मंदिर की वास्तुकला मयूर विहार गुरुवायुरप्पन मंदिर के समान है, लेकिन यह मंदिर स्वामी अयप्पा को समर्पित है

## पीलीभीत में टहल रहे ग्रामीण को बोलेरो ने रौंदा, आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम



**बिलसंडा , 8 जून :** करेली थाना क्षेत्र के गांव लुधपूरा के रहने वाले एक व्यक्ति को सड़क पर टहलते समय बोलेरो में रौंद दिया। ग्रामीणों ने तुरंत उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बीसलपुर बिलसंडा हाईवे को जाम कर दिया।

रात करीब 9:30 बजे पहुंचे ग्रामीण 10:30 बजे तक जाम लगाए रहे। बिलसंडा और करेली थाना पुलिस ने किसी तरह लोगों को समझाकर शांत किया। इसके बाद जाम खोला जा सका। इस दौरान वाहनों की लंबी-लंबी कतारे लग गईं।


बिलसंडा करेली थाना क्षेत्र के गांव लुधपूरा निवासी 45 वर्षीय बाले राम रविवार रात को खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर रोड पर टहलने के निकले थे, तभी रोड पर से गुजर रही बोलेरो गाड़ी ने उनको पीछे से रौंद दिया। इससे वह लहूलुहान होकर रोड पर गिर गए। हादसे की आवाज सुनकर गांव के अन्य लोग भी एकत्रित हो गए। बाले राम को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्वजनों का आरोप है कि एक्सीडेंट के बाद करेली पुलिस को तुरंत सूचना दी गई थी, लेकिन दो घंटे बीतने के बाद भी कोई भी देखने नहीं आया। नाराज स्वजन व ग्रामीणों ने किया बीसलपुर बिलसंडा हाईवे जाम कर दिया। पुलिस पर लापरवाही बरतने के गंभीर आरोप लगाए। बिलसंडा पुलिस ने तत्परता दिखाई।

थाना प्रभारी जगदीश सिंह मलिक ने मौके पर आकर स्वजन से बात की लेकिन जाम को नहीं खुलवा सके। देर रात तक समझाने का प्रयास किया जा रहा था, लेकिन नतीजा कोई नहीं निकल रहा था खबर लिखे जाने तक 30 मिनट तक हाइवे जाम रहा।

दो घंटे पहले दी गई सूचना पर नहीं पहुंची करेली पुलिस

बालेराम के स्वजन का आरोप था कि हादसा होने के बाद करेली पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन करीब दो घंटे तक करेली थाना पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इससे आरोपित वाहन चालक को नहीं पकड़ा जा सका।



लुड़का पारा

जून के पहले ससाह में भी मौसम के तेवर नरम रहने के आसार, पश्चिमी विशोभ सक्रिय होने से बदला मिलाज

# मार्च जैसी हुई मई की रातें, 10 डिग्री गिरा पारा


**आमतौर पर** मई का महीना भीषण गमों और गर्म रातें के लिए जाना जाता है लेकिन बार बार नई के आखिरी दिनों से मौसम में ऐसी करवट ली है कि रातें भार्च जैसी महसूस होने लती है। रविवार को शहर का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गपा जो सामान्म से करीव S से 10 डिग्री कम है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, 20 डिग्री के आसपास न्यूनतम तापमान सामान्य तीर पर वार्च के अतिम हपते ना अबइबर की शुरुआत में दजं होता है। ऐसे में मई के अंत में इस तरह का तापमान असामान्य माना जा रहा है।

पिढले तीन दिनों से सक्रिय पश्चिमी विशोम के कारण मौसम का भिजाच बढ़ला हुआ है। रविवार को भी सुबह़ से ही तेज और उंडी हवाएं चलती रही।

## मिली राहत

- मई से न्यूनलम तापमान 20 डिग्री कत पहूचा, सामान्य से 8 से 10 डिग्री कम कम हुआ तापमान

आसमान से बादलों और धूप के बीच आंख-चिचौली का दौर चलता रहा। बाहर मौसम सुहावना रहने से लोगों को गमी से राहत मिली। हालांकि घरों के मीतर बही उमस मे फुछ ररेशानी जकर बहाई।रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दनं किया गना। मई के बौच में जहां अधिकतम तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सिमस के बीच पहुचा था, बही तीन दिन से बदले मौसम मे पात सामान्य से कमरे मीचे जा दिया है। तेज हवाओं और बादलों के कारण लू जैसी रियति भी नहीं बन रही है।





सेक्टर-51 में दोपहर में वक्त बादलों की आवाजाही कुछ ऐसी दिखी

## जून के पहले हपते में भी बदलता रहेगा मौसम

मौसम विभाग के अनुसार, राहत का यह तौर अभी कुछ दिन और जारी रह सकता है। जून के पहले हपते में भी बादलों को आयाजाही वनी रहने, देचा हवाए चलने तथा कुछ स्थानो पर आधी और हल्की बारिश को सभावता है। विभाग का अनुमान है कि इस तौरान अधिकतम सपमान 32 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। बिशेषझो का कहना है कि लगातार सकिय पश्चिनी विक्षोम और वातावरण मे नमी बढने के कारण मौसम में यह बढ़लात देखने को बिल रहा है। मही बजह है कि मई के आखिरी दिनो में लोगो को मार्ब जैसी उडी रातो का अनुभव हो रहा है।

# मानेसर नगर निगम क्षेत्र जल्द होगा रोशन, 7.5 करोड़ की लागत से लगेंगी 5 हजार नई स्ट्रीटलाइट

- मानेसर नगर निगम क्षेत्र में लगेंगी 5,000 नई स्ट्रीटलाइटें।
- स्ट्रीटलाइट लगाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू।
- फाइनेंस और कॉन्ट्रैक्ट कमेटी ने दी मंजूरी।
- लाइट लगाने के लिए स्थानों का चयन पूरा।
- अंधेरे वाले क्षेत्रों और खराब लाइटों की समस्या होगी दूर।
- पैदल यात्रियों और स्थानीय लोगों को मिलेगी राहत।
- सेंट्रल कंट्रोल पॉइंट से स्वतः संचालित होंगी लाइटें।
- परियोजना पर लगभग 7.5 करोड़ रुपये होंगे खर्च।
- टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद जारी होगा वर्क ऑर्डर।
- नगर निगम का इलेक्ट्रिकल विंग करेगा कार्य की गरानी।



**मानेसर, 7 जून :** मानेसर नगर निगम का इलाका जल्द ही रोशन होने वाला है। नगर निगम ने 5,000 स्ट्रीटलाइट लगाने की योजना बनाई है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और प्रक्रिया पूरी होने के बाद वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा। फाइनेंस और कॉन्ट्रैक्ट कमेटी ने इन्हें लगाने की मंजूरी दे दी है और लाइट लगाने के लिए जगहें भी तय कर ली गई हैं।

नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में कई ऐसे इलाके हैं जहाँ अभी स्ट्रीटलाइट नहीं हैं, जबकि कुछ जगहों पर मौजूदा लाइटें खराब हैं, जिससे अंधेरा रहता है। इससे पैदल चलने वालों को काफी परेशानी होती है। इसे देखते हुए नगर निगम के अधिकारियों ने स्ट्रीटलाइट लगाने की योजना बनाई है।


यह काम निगम का इलेक्ट्रिकल विंग अपने दोनों डिवीज़नों में करेगा। सेंट्रल कंट्रोल पॉइंट बनाने की भी योजना है ताकि शाम होते ही लाइटें अपने आप जल जाएँ। अभी कई इलाकों में लाइटें नहीं हैं, जिससे उस इलाके में अंधेरा रहता है।

### लगभग ₹7.5 करोड़ का खर्च

नगर निगम इलाके में लगभग ₹7.5 करोड़ की लागत से 5,000 इलेक्ट्रिक स्ट्रीटलाइट लगाएगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद यह काम किसी एजेंसी को सौंपा जाएगा। नगर निगम के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (XEN) वासु बग्गन ने बताया कि जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाएगा।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने और सुधार का सुनहरा मौका, 1 जुलाई से 18 साल के होने वाले युवा भी कर सकेंगे आवेदन

गुरुग्राम में 15 जून से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू होगा, जिसमें बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। इसका उद्देश्य पात्र नागरिकों को सूची में शामिल करना और त्रुटियों को दूर कर मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाना है।



- 15 जून से गुरुग्राम में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान
- बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे मतदाता सूची का सत्यापन
- पात्र नागरिकों का नाम जोड़ना, त्रुटियां दूर करना लक्ष्य

**गुरुग्राम, 7 जून :** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान 15 जून से प्रारंभ होगा। इस अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में शामिल हो सके और अपात्र, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं का रिकार्ड भी अद्यतन किया जा सके। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत बीएलओ मतदाताओं को गणना प्रपत्र (एन्यूमेरेशन फार्म) उपलब्ध कराएंगे, जिससे मतदाता सूची में दर्ज विवरण का सत्यापन किया जा सके। इस दौरान बीएलओ मतदाताओं से मोबाइल नंबर, आधार संख्या (स्वैच्छिक), जन्म तिथि, माता-पिता या पति-पत्नी का नाम तथा अन्य आवश्यक विवरण प्राप्त करेंगे।

गणना प्रपत्र पर मतदाता का नवीनतम फोटो भी संलग्न होगा। वर्ष 2002 की मतदाता सूची में जिन मतदाताओं या उनके माता-पिता का नाम दर्ज है, उन्हें केवल गणना प्रपत्र भरकर देना होगा। यदि किसी नागरिक या उसके माता-पिता का नाम वर्ष 2002 की मतदाता सूची में उपलब्ध नहीं है, तो ऐसे नागरिकों को अपनी पात्रता सिद्ध करने के लिए निर्धारित दस्तावेजों में से कम से कम एक दस्तावेज संलग्न करना होगा।

दस्तावेजों में पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, भूमि या संपत्ति संबंधी अभिलेख सहित निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अन्य वैध दस्तावेज शामिल हैं। यदि कोई मतदाता गणना प्रपत्र जमा नहीं करता है, तो उसके मामले की नियमानुसार जांच की जाएगी। जिन परिवारों में कोई सदस्य 1 जुलाई 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहा है, वह भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकता है।

अभियान के दौरान मतदाताओं के नाम में सुधार, पता परिवर्तन, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन तथा नए पात्र मतदाताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी संचालित की जाएगी। इसके लिए फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 का उपयोग किया जाएगा।

उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि जब भी बीएलओ आपके गांव, वार्ड, कालोनी, सेक्टर, रेजिडेंशियल सोसाइटी में पहुंचे, उन्हें सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं। मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ से

संपर्क करने के साथ-साथ निर्वाचन आयोग के पोर्टल VOTERS.ECI.GOV.IN एवं ECINET के माध्यम से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची अत्यंत आवश्यक है, इसलिए सभी पात्र नागरिक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# क्रेडिट कार्ड से ठगी का नया तरीका, गुरुग्राम पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर का किया पर्दाफाश

**गुरुग्राम 7 जून :** क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का साइबर अपराध दक्षिण थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पुलिस ने दिल्ली के जनकपुरी इलाका स्थित एक फ्लैट में छापामारी कर एक महिला सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले करीब पांच महीने से साइबर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे और पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलते रहते थे।



### 28 हजार रुपये की ठगी

सेक्टर-43 स्थित कार्यालय में एसीपी साइबर अपराध गौरव फौगाट ने पत्रकारवार्ता के दौरान बताया कि बीती 11 मार्च को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि उसके पास क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक लिंक भेजा गया। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसके क्रेडिट कार्ड से करीब 28 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। शिकायत के आधार पर साइबर अपराध दक्षिण थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए पांच जून को दिल्ली से पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान दिल्ली के बलजीत नगर निवासी राहुल, तिलकनगर निवासी आंचल, इंद्रपुरी निवासी अनुज पाल, गौरव व मुकुल किरार के रूप में हुई।

### सरगना के इशारे पर काम करते थे आरोपी

पूछताछ में पता चला कि आरोपित एक मुख्य सरगना के इशारे पर काम करते थे। सरगना उन्हें लोगों का डाटा उपलब्ध कराता था, जिसके आधार पर वे क्रेडिट कार्ड धारकों को फोन करते थे। इसके बाद लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर फर्जी लिंक भेजा जाता था।

पीड़ित के झांसे में आते ही उसके क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर आनलाइन सामान खरीदा जाता था। खरीदा गया सामान मुख्य आरोपित को सौंप दिया जाता था या फिर बेचकर रकम हासिल कर ली जाती थी।

### छह महीने से चला रहे फर्जी काल सेंटर

पुलिस जांच में सामने आया कि यह फर्जी काल सेंटर जनवरी 2026 से संचालित हो रहा था। आरोपित कुछ दिन ठगी करने के बाद अपना काम बंद कर देते थे और फिर नए स्थान से गतिविधियां शुरू कर देते थे। पुलिस से बचने के लिए वे हर 10 से 15 दिन में ठिकाना बदल लेते थे।

पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर गिरोह के मास्टरमाइंड, ठगी से अर्जित रकम और अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटा रही है। आरोपितों को रिमांड पर लेकर आगे की जांच की जाएगी।

# गुरुग्राम में केएमपी एक्सप्रेसवे पर कंटेनर से टकराकर कैंटर में लगी आग, जिंदा जल गया ड्राइवर



**गुरुग्राम, 7 जून :** गुरुग्राम। केएमपी एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक कंटेनर ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह हादसा पटौदी टोल से फर्रुखनगर टोल की ओर जाने वाले मार्ग पर रात करीब डेढ़ बजे हुआ। टक्कर के बाद कंटेनर और कैंटर में आग लग गई, जिससे ड्राइवर केबिन में ही फंस गया।

पुलिस के अनुसार, एक कैंटर केएमपी एक्सप्रेसवे पर फर्रुखनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर ने अनियंत्रित होकर कैंटर में जोरदार टक्कर मार दी।

कैंटर में प्लास्टिक और कपड़े का कबाड़ भरा हुआ था। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई और देखते ही देखते लपटों ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया।

### टक्कर के बार ड्राइवर केबिन में फंसा

हादसे में कंटेनर ड्राइवर केबिन के अंदर फंस गया। आग तेजी से फैलने के कारण उसे बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और उसकी मौके पर ही जलकर मौत हो गई। आग की तीव्रता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ड्राइवर का शव बुरी तरह जलकर कंकाल में तब्दील हो गया।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के करजोरा गांव निवासी दीपू के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और फर्रुखनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# रोहतास जांगड़ा को श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन बनाने पर जांगड़ा समाज ने लड्डू बांटे


विश्वकमार धमरशाला म लडडू बांटकर खशी जतात जांगडा सभा क सदसय।

**हिसार, 30 मई:** हरियाणा सरकार ने जांगड़ा समाज के वरिष्ठ नेता एवं सिरसा निवासी रोहतास जांगड़ा को श्रम कल्याण बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर जांगड़ा समाज ने खुशी जताई है। इस नियुक्ति पर विश्वकर्मा धर्मशाला में समाज के लोगों ने लड्डू बांटकर अपनी खुशी का इजहार किया। अखिल भारतीय जांगिड़ सभा के प्रदेश प्रभारी व वरिष्ठ भाजपा नेता अजयकांत जांगड़ा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस नियुक्ति से पिछड़े वर्ग व मजदूर वर्ग का सम्मान किया है। इस मौके पर जांगड़ा समाज के जिला प्रधान उदयसिंह, पूर्व प्रधान रामतीर्थ, पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश आर्य, पूर्व एडवोकेट जनरल पवन जांगड़ा, रामप्रताप प्रधान शिक्षा समिति, अमीलाल जांगड़ा, दयरनंद सुथार, सुरेश जांगड़ा पार्षद, कुलदीप, कुलवंत जांगड़ा, योगेश जांगड़ा, रामनिवास ट्रस्टी, वेदप्रकाश कार्यकारी प्रधान, कैप्टन रमेश जांगड़ा, ब्रह्मप्रकाश आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# माय हेल्थ' कार्यक्रम से बढ़ी स्वास्थ्य जागरूकता, 150 महिलाओं ने लिया लाभ

**संस्कृति हमारी पहचान ग्रुप की पहल में विशेषज्ञों ने महिला स्वास्थ्य, पोषण और रोगों की रोकथाम पर दी महत्वपूर्ण जानकारी।**



**हिसार, 30 मई:** लजीज रेस्टोरेंट में संस्कृति हमारी पहचान ग्रुप द्वारा महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम माय हेल्थ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला रोग विशेषज्ञ एवं फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. जीविका गुप्ता ने मुख्य वक्ता के रूप में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 150 महिलाओं ने भाग लिया। डॉ. जीविका गुप्ता ने महिलाओं को पीसीओडी, मासिक धर्म, गर्भावस्था, मेनोपॉज और पोषण से जुड़े विषयों पर विस्तार से बताया। उन्होंने महिलाओं को नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। महिलाओं ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी शंकाओं पर डॉ. गुप्ता से खुलकर प्रश्न पूछे, जिसका उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रुप की अध्यक्ष विनीता जैन ने सभी महिलाओं एवं अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वस्थ रहना ही परिवार और समाज की तरक्की की नींव है। उपाध्यक्ष रेनू लाहोरिया ने कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी महिलाओं का धन्यवाद व्यक्त किया। मंच संचालन तरुणा ढांडा ने कुशलतापूर्वक किया। ग्रुप की सदस्य डेजी अहलावत ने बताया कि संस्कृति हमारी पहचान ग्रुप द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं। कार्यकारिणी सदस्य रिंपल मित्तल, वंदना गुप्ता, रेनू सैनी, प्रतिभा सिंह एवं संध्या वर्मा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने खूब मस्ती की और भोजन का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को मंगलम डायग्नोस्टिक्स लैब द्वारा स्पॉन्सर किया गया।

# बालावास में निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल कैंप आयोजित



बालावास में आयोजित निःशुल्क नेत्र एवं मेडिकल कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक एवं उपस्थित समिति पदाधिकारी

**हिसार :** गांव बालावास में मदद जवान किसान गौसेवा समिति और भारत मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क आंखों एवं मेडिकल जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में ग्रामीणों की आंखों, बीपी और शुगर की जांच निशुल्क की गई तथा जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गई। आंखों के कैंप के साथ साथ मदद जवान किसान गौसेवा समिति ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाते हुए गौसेवा से जुड़े बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सरकारी स्कूल के मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में नशा मुक्त वातावरण का निर्माण करना, गौसेवकों के योगदान का सम्मान करना तथा युवाओं और विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर समिति के सक्रिय सदस्य श्रीमती संतोष जून, अनिल शर्मा, शंकर धीवाँ, डॉ. वेदपाल सोनी, सूबेदार अनिल सिहाग, विकास यादव, अमरदीप फौजी ,सुशील लाडवी, मोनिका पिलानिया, चेतन पिलानिया एवं अंजू दलाल उपस्थित रहे।

गांव बालावास की ओर से सरपंच पवन, शिबु, हेतराम, सोमबीर, रामपाल धतरवाल, धर्मलाल (पूर्व पंच), स्वरूप, कृष्ण शर्मा, भाल सिंह गढ़वाल, धर्मबीर शिला, मंगल बलौदा, हेतराम बुडानिया, काजल, सचिन सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

ग्रामीणों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और नई पीढ़ी को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आध्यात्मिक समर कैंप में बच्चे हेलो-हाय छोड़कर बोले राम-राम




**हिसार, 1 जून :** श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर, गली नम्बर 2 जवाहर नगर में ग्रीष्म अवकाश के अवसर पर सोमवार की सायंकाल अपनी तरह का दूसरा आध्यात्मिक समर कैम्प शुरु किया गया। शिविर पूरी तरह अध्यात्म पर आधारित है। महीने भर चलने वाले इस शिविर में 5 साल से 12 साल तक के बच्चों को संस्कारों के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें पूरी तरह से आध्यात्मिक बातें सिखाई जाएंगी। शिविर का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे शिक्षाविद एच.के.शर्मा ने दीप प्रज्जवलन करके किया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कमल मिगलानी रहे। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत बच्चों ने तिलक लगाकर व राम-राम बोलकर किया। शिक्षाविद एच.के.शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल भी वे इस कैम्प में आये थे। बच्चों को संस्कारित करने की बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि बच्चों में बचपन से ही अच्छे संस्कार डाले जाने से वे बड़े होकर होनहार बनेंगे। सबकी इज्जत करेंगे। संस्कारों के बल पर बड़े से बड़ा मुकाम हासिल कर सकेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि जितना हो सके मोबाइल से दूर रहें। केवल जरुरत के हिसाब से मोबाइल का प्रयोग करें। कैम्प का संचालन इशु एवं एकता रेवड़ी कर रही हैं।

मंदिर समिति के प्रधान इन्द्र चंद राठी ने बताया कि कैम्प के पहले दिन इशु एवं एकता रेवड़ी ने बच्चों को रहन-सहन, बोलचाल, खानपान व सुबह उठकर धरती माता को नमस्कार करने तथा अपने से बड़ों का आदर करने का पाठ पढ़ाया। उन्होंने बच्चों को हैलो-हाय छोडकर राम-राम बोलने के साथ गणेश वंदना सिखाई। कैम्प के बीच-बीच में बच्चे राम-राम अलापते रहे। कैम्प के पहले दिन लगभग 40 बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। 30 जून तक चलने वाला शिविर रोजाना सायं 4 बजे से साढ़े 5 बजे तक चलेगा। डेढ़ घंटे के दौरान बच्चों में पूजा-पाठ की विधि बताना, पारिवारिक संस्कार सिखाना, प्रात: स्मरणीय श्लोक, मंत्र माला जप विधि, स्वास्थ्य के प्रति सजगता लाने पर जोर दिया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर समिति के प्रधान इन्द्रचंद राठी, हनुमान राठी, के.के. सेहरा, भगतचंद महता, शंकर दास बजाज, सुरेश जैन, हरबंस लाल, ललित राठी, रमेश सुखीजा, पवन वत्स आदि उपस्थित रहे।

1-8. फोटो कैप्शन : हनुमान मंदिर, जवाहर नगर में आयोजित आध्यात्मिक समर कैम्प का शुभारंभ करते शिक्षाविद् एच.के.शर्मा, शिविर में भाग लेते बच्चे। बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए। शिविर को संबोधित करते शिक्षाविद् एच.के.शर्मा।

# हरियाणा में गहराया जल संकट, कई जिलों में हालात गंभीर : राजेन्द्र सोरखी

- हरियाणा के कई जिलों में पानी का संकट गहराया।
- जलापूर्ति प्रभावित होने से लोगों की बढ़ी परेशानी।
- चानौत में पानी की समस्या पर लोगों ने जताई नाराजगी।
- विधायक को जनता के सवालों का सामना करना पड़ा।
- राजेन्द्र सोरखी ने हालात को गंभीर बताया।
- सरकार से पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने की मांग।
- समय रहते प्रभावी कदम उठाने की अपील।


राजेन्द्र सोरखी आम आदमी पार्टी (AAP)

**हिसार, 30 मई:** भीषण गर्मी के कारण प्रदेश के कई जिलों में पानी का भारी संकट पैदा हो गया है, जिससे लोग टैंकरों के पीछे भागने और गंदा पानी पीने को मजबूर हैं। यह स्थिति मई-जून की गर्मी में पानी की मांग बढ़ने और सप्लाई में लापरवाही के कारण उत्पन्न हुई है। लोगों में पर्याप्त पानी न मिलने से हाहाकार मचा हुआ है। प्रेस को जारी बयान में आम आदमी पार्टी के हांसी जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हिसार व हांसी जिले की बात करें तो हांसी के चानौत गांव और हिसार के आदमपुर जलघर में पानी की बदहाल स्थिति पर अधिकारियों को चार्जशीट और निलंबित तक होना पड़ा है। बावजूद इसके पानी की समस्या बरकरार है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि चानौत गांव में पानी की समस्या बारे ग्रामीणों के धरने पर पहुंचने के बाद हांसी के विधायक को अपनी नाकामी के कारण खरी-खोटी सुननी पड़ी। ग्रामीणों ने 12 सवाल दागते हुए विधायक से उनके द्वारा किये गये वायदों बारे जवाब मांगा तो विधायक महोदय बिना जवाब दिये वहां से खिसक गये। गांव के सुधार के लिये गत विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने गांव वासियों को बरगलाने का काम किया। वायदों की झड़ी लगाकर उनसे वोट ले लिये और फिर गांव की ओर मुडकर भी नहीं देखा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने 2022 में पूरे हांसी क्षेत्र को पूर्ण रुप से हर घर में जल पहुंचाने का दावा किया था जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। अब जब गांव चानौत के सैंकड़ों लोग पानी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं तो विधायक अब भी पानी की समस्या दूर करने में नाकाम रहे हैं। गांव वासियों में विधायक के प्रति भारी रोष है। आप हांसी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि हिसार जिले में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव और शहर में पेयजल संकट की दोहरी समस्या बनी हुई है। कुलेरी जैसे गांवों में महीनों तक गंभीर जलभराव के बाद अब जाकर बुवाई शुरु हुई है, जबकि नहर में प्रदूषित पानी के कारण पेयजल आपूर्ति एक दिन छोड़कर की जा रही है। अन्य अनेक गांवों में आज भी जलभराव की समस्या बनी हुई है। सरकार की कृषि विरोधी नीतियों के कारण किसानों की हालत किसी से छिपी नहीं हुई है। किसी जिले में पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई नहीं है तो कई जिलों में गंदे पानी के कारण लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि सरकार को समय रहते कारगर कदम उठाकर प्रदेश वासियों को शुद्ध पेयजल व सिंचाई के लिये भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध करवाना चाहिये अन्यथा आम आदमी पार्टी जनता के साथ मिलकर सडक़ों पर आने के लिये मजबूर होगी।

# 'मन की बात' राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी का सशक्त माध्यम

**जिला अध्यक्ष ने हिसार विधानसभा के बूथ नंबर 4 पर कार्यकर्ताओं के साथ सुना कार्यक्रम, प्रधानमंत्री के विचारों को बताया प्रेरणादायी।**



**हिसार, 30 मई:** हिसार। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को प्रेरणा देने, सामाजिक सरोकारों से जोड़ने तथा राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**डॉ. आशा खेदड़** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें संस्करण को हिसार विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 4 पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने साथ सामूहिक रूप से देख व सुन रही थी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसी ने किसी क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त नागरिकों से बात करके उनका हौंसला बढ़ाते हैं। यही नहीं, कितने ही नागरिक ऐसे हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री के इस संबोधन से प्रेरणा लेकर स्वरोजगार शुरू करके देश को आर्थिक तरक्की देना शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेनी चाहिए।

जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपरा ने बताया कि पूरे ज़िले में हर बूथ पर कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ यह कार्यक्रम सुना। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में बूथ नंबर चार कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल एवं पवन बिश्नोई के निवास पर किया गया। कार्यक्रम में गगन शर्मा, अमर पातड़, पीयूष मेहता, रामचंद्र गुप्ता, रमेश बंसल, टीनू जैन, रंजीव राजपाल, शंकर गोस्वामी, विनोद तोशावर, अजय बेनीवाल, सुमित लितानी, विकास गौड़, कृष्ण बिश्नोई, एडवोकेट रेणु मलिक, राधा बंसल सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, सामाजिक जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, युवा शक्ति एवं आत्मनिर्भर भारत से जुड़े विषयों पर दिए गए विचारों को सभी ने गंभीरता से सुना और सराहा।



# नहरी पानी की आस में बालसमंद क्षेत्र, श्रुति चौधरी से मिलेगी ग्रामीणों की टीम

**हिसार, 1 जून :** दक्षिण हरियाणा के सूखाग्रस्त बालसमंद क्षेत्र की वर्षों पुरानी नहरी पानी की मांग को लेकर क्षेत्र के लोगों की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। क्षेत्र के किसानों, ग्रामीणों एवं सामाजिक प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल 3 जून को हरियाणा की सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी से चंडीगढ़ में मुलाकात करेगा। यह जानकारी देते हुए पारस लौरा ने बताया कि इस दौरान क्षेत्र की सिंचाई एवं पेयजल समस्या से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे मंत्री के समक्ष रखे जाएंगे। बालसमंद, बुराक, डोभी, सुंडावास, बंदाहेड़ी, खरिया, सरसाना, बसरा, भिवानी तथा आसपास का क्षेत्र लंबे समय से नहरी पानी की कमी और गिरते भूजल स्तर की समस्या से जूझ रहा है। किसानों का कहना है कि पर्याप्त सिंचाई जल उपलब्ध न होने के कारण खेती लगातार महंगी और कठिन होती जा रही है, जबकि कई गांवों में पेयजल संकट भी गंभीर रूप धारण कर चुका है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार यह मांग नई नहीं है। स्व. चौ. सुरेन्द्र सिंह ने कृषि मंत्री रहते हुए क्षेत्र के किसानों से लाडवी नहर को बालसमंद नहर से जोड़ने का वादा किया था। क्षेत्र के लोगों को विश्वास था कि इस योजना के पूरा होने से दक्षिण हरियाणा के इस सूखे इलाके को नहरी पानी की सौगात मिलेगी, लेकिन उनके असामयिक निधन के कारण यह सपना अधूरा रह गया। अब क्षेत्र के लोगों की निगाहें सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी पर टिकी हैं। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यह योजना आगे बढ़ती है तो यह उनके पिता द्वारा देखे गए सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

प्रतिनिधिमंडल मंत्री के समक्ष मांग रखेगा कि राजस्थान जाने वाली यमुना जल परियोजना से सिसवाला हेड पर कम से कम 200 क्यूसेक पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र की सिंचाई एवं पेयजल समस्या का स्थायी समाधान हो सके। इसके साथ ही लाखपुल से डोभी गौशाला तक प्रस्तावित 17 क्यूसेक क्षमता की पाइपलाइन योजना के स्थान पर लाडवी से बालसमंद एवं सरसाना तक नहर अथवा उच्च क्षमता की पाइप लाइन का निर्माण कराया जाए।

ग्रामीणों का कहना है कि इस योजना से डोभी, सुंडावास, बुराक, बालसमंद, बांडाहेड़ी, खरिया, सरसाना, बसरा तथा आसपास के गांवों के हजारों एकड़ कृषि रकबे को सिंचाई जल उपलब्ध होगा। साथ ही क्षेत्र की पेयजल समस्या के समाधान और भूजल स्तर में सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

पारस लौरा ने बताया कि पूरे क्षेत्र की निगाहें 3 जून की बैठक पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि वर्षों से लंबित यह मांग अब सरकार के स्तर पर सकारात्मक निर्णय की ओर बढ़ेगी।

# न्यूज ब्रीफ



**हिसार, 1 जून :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज द्वारा हिसार रेलवे स्टेशन पर नशा मुक्ति एवं जनजागरण अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता शिविर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन स्टेशन अधीक्षक सत्यवान लांबा, आईपीएफ/आरपीएफ सुनील कुमार तथा डीएमओ हिसार डॉ. श्वेता सांगवान द्वारा किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के बी.के. डॉ. राजेंद्र विरमानी ने मुख्य अतिथियों को प्रदर्शनी का अवलोकन करवाते हुए नशे के दुष्प्रभावों तथा राजयोग के माध्यम से नशा मुक्ति के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी पहल बताया।

ब्रह्माकुमारीज की ओर से सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात एवं प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया तथा नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बी.के. वंदना बहन ने कहा कि नशा आज समाज की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक बन चुका है और बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी आयु वर्ग के लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करे तो आत्म-पहचान और परमात्मा की शक्ति के माध्यम से वह नशीले पदार्थों की लत से आसानी से मुक्ति प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को नशा न करने तथा समाज के बुजुर्गों का सम्मान करने की शपथ भी दिलाई गई। यह ब्रह्माकुमारीज समाज सेवा प्रभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष जन जागरण अभियान का एक महत्वपूर्ण भाग है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में बी.के. प्रमोद भाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी से बी.के. मंजू बहन, बी.के. सुदेश बहन, संजय तिवारी, पंकज मोंगा, शालू मोंगा, सुरेंद्र कक्कड़, सुनील, वेद प्रकाश चुघ, उर्मिल तथा मंजुषा सहित अनेक भाई-बहन उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटाए सरकार संजीव भोजराज

**हिसार, 1 जून:** मदद संस्था के अध्यक्ष संजीव भोजराज ने हिसार के जिला उपायुक्त को पत्र के माध्यम से शहर में सार्वजनिक भूमि एवं सरकारी संपत्तियों पर हुए कथित अतिक्रमणों की निष्पक्ष जांच करवाने तथा माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने की मांग की है। संजीव भोजराज ने पत्र की एक प्रति मुख्यमंत्री के नाम भी भेजी है।

संजीव भोजराज ने कहा कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा सार्वजनिक भूमि एवं सरकारी संपत्तियों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने के संबंध में स्पष्ट आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके बावजूद हिसार शहर में कुछ ऐसे मामले सामने हैं जिनमें आज तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया कि जिला उपायुक्त आवास के साथ स्थित सार्वजनिक पार्क पर ताला लगाया गया है, जिसके कारण आम नागरिक उस पार्क का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। यह पार्क जनता की सुविधा एवं उपयोग के लिए विकसित किया गया था, इसलिए इसे तत्काल आमजन के लिए खोला जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त उन्होंने नगर निगम कार्यालय के बाहर लगभग 150 गज सार्वजनिक भूमि को ग्रिल लगाकर घेरे जाने का मामला भी उठाया। उन्होंने मांग की कि यदि यह निर्माण निर्धारित नियमों एवं मानकों के अनुरूप नहीं है तो संबंधित अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की जाए। इसी प्रकार एचएसवीपी (पूर्व हुड्डा) कार्यालय के बाहर लगभग 70 गज क्षेत्र में की गई बैरिकेडिंग की भी जांच करवाने की मांग करते हुए कहा कि यदि यह सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे की श्रेणी में आता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा ने लगाए 51 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**हिसार, 5जून:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा, हिसार द्वारा गवर्नमेंट वूमेन कॉलेज, दिल्ली बाईपास परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 51 पौधे लगाए गए, जिनमें एक त्रिवेणी का पौधारोपण भी विशेष रूप से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा हरित वातावरण के निर्माण में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन शाखा के गतिविधि संयोजक (पर्यावरण) मुरारी लाल सिंगला द्वारा किया गया, जबकि सीताराम मंगल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में गवर्नमेंट वूमेन कॉलेज के प्रिंसिपल सतीश सिंगला सहित कॉलेज के सहायक प्रोफेसर हीना पाहूजा, सुनीता व डॉ. किरण बिश्नोई सहित अनेक छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान की सराहना की।

पौधारोपण के उपरांत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण डॉ. सतीश वर्मा, क्षेत्रीय संयोजक संस्कारण जिया लाल बंसल, प्रांतीय संयोजक पर्यावरण माणिक मित्तल व शाखा अध्यक्ष राजेश जैन ने पर्यावरण से जुड़ी वर्तमान चुनौतियों और उनके समाधान पर विस्तृत मंथन किया गया। वक्ताओं ने जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के कम उपयोग, वृक्षारोपण तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे और नियमित रूप से पौधारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करे, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सकता है। मुरारीलाल सिंगला ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कॉलेज प्रशासन व शाखा के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर शाखा सचिव सूर्य गोयल, कोषाध्यक्ष आशीष जैन, महिला प्रमुख डोरी जैन सहित पिंकी गोयल, रेनु मंगल, रेनु सिंगला, सुमन गोयल, ऋषिराज बुड़ाकिया, अमर गोयल, सुमित मित्तल, हरिओम गोयल, खुशी राम गोयल, अशोक गर्ग तिलकधारी, मनीष जैन, अजय सिंगला व प्रवीण हिन्दू सहित शाखा के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### राष्ट्रीय बायथल/ट्रायथल मॉडर्न पेंटाथलॉन स्पर्धा में मन्नत सैनी ने जीता रजत पदक



**हिसार, 5 जून:** विद्यापीठ यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद (गुजरात) में आयोजित 15वीं राष्ट्रीय बायथल/ट्रायथल मॉडर्न पेंटाथलॉन चैम्पियनशिप 2026 में हिसार के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन कर पदक जीते। प्रतियोगिता के अंडर-21 बायथल वर्ग में मन्नत सैनी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। मन्नत की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों और कोचों ने उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। हिसार डिस्ट्रिक्ट मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन के प्रधान सचिन वर्मा एवं महासचिव सन्नी वर्मा ने मन्नत सैनी को उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाडिय़ों की मेहनत, लग्न और अनुशासन का यह परिणाम है तथा भविष्य में भी वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिसार, हरियाणा और देश का नाम रोशन करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 33 देशों के 1300 प्रतिभागियों में हुए आयरमैन के इंटरनेशनल मुकाबले में हिसार के छोरे मन्नत सैनी ने अपने श्रेणी (18-24 वर्षीय) के प्रतिद्वन्दियों को पछाड़ते हुए कड़े संघर्ष के बाद दूसरा नम्बर प्राप्त कर भारत का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता गोवा में हुई थी।

मन्नत सैनी के पिता विजय सैनी ने बताया कि जवाहर नगर की विजय कॉलोनी (हिसार) में रहने वाला 19 वर्षीय मन्नत सैनी इस समय हरियाणा स्पोटर्स यूनिवर्सिटी, राई (सोनीपत) में बी.एस.सी.स्पोटर्स साइंस का द्वितीय वर्ष का छात्र है। रजत पदक जीतने के बाद मन्नत सैनी अब एशियन गेम्स में भाग लेगा जोकि 5 से 11 अक्तूबर को दुबई में होगी। इसके साथ ही मन्नत के अब तक के पूरे प्रदर्शन के बाद वह वर्ल्ड लेवल पर होने वाली खेल प्रतियोगिता में भाग लेगा। यह प्रतियोगिता 26 से 29 अक्तूबर तक पुर्तगाल में होगी।

### सार्वदेशिक आर्यवीर दल का सात दिवसीय चरित्र निर्माण प्रशिक्षण शिविर जारी



**हिसार, 5 जून:** युवाओं में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति एवं शारीरिक दक्षता के विकास के उद्देश्य से अग्निदेव भीष्म योगाश्रम ट्रस्ट, ऋषिनगर, हिसार के तत्वावधान में सार्वदेशिक आर्यवीर दल चरित्र निर्माण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 जून से 7 जून 2026 तक राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गांव मिर्जापुर, जिला हिसार में किया जा रहा है। शिविर का आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी एवं सेवानिवृत्त ए.डी.ओ. डॉ. कृष्ण कुमार के सानिध्य में हो रहा है।

शिविर के संचालक जय भारत शास्त्री ने बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। सात दिवसीय इस शिविर में प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, सर्वांग सुंदर व्यायाम, दण्ड-बैठक, लाठी प्रशिक्षण, जूडो-कराटे, सैनिक शिक्षा, आत्मरक्षा के गुर, अनुशासन, बौद्धिक सत्र, संध्या-हवन, भारतीय संस्कृति एवं धर्म रक्षा, नशामुक्ति, माता-पिता की सेवा तथा राष्ट्रभक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

शिविर में वैदिक यज्ञ एवं संस्कारों का प्रशिक्षण आचार्य डॉ. प्रमोद योगार्थी (दयानंद ब्रह्म महाविद्यालय, हिसार) द्वारा दिया जाएगा। वहीं शारीरिक प्रशिक्षण एवं व्यायाम का दायित्व कनिष्क आर्य, श्री राजा आर्य (सोनीपत) तथा डॉ. विनोद आर्य गुरेरा (भिवानी) निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अच्छे संस्कार, अनुशासन एवं चरित्र निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में बच्चों को इस शिविर में शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है।

शिविर के दौरान संगठन के प्रधान संतलाल आर्य, उप-प्रधान लाला मनोहर लाल, महासचिव सुभाष, सचिव बनी सिंह खंडेलवाल, खजांची यशवीर, पी.के. मदान, डॉ. सीताराम सैनी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर संचालन जय भारत शास्त्री द्वारा किया जा रहा है।

# गुरुग्राम अस्पताल निर्माण में देरी पर कांग्रेस ने खोला मोर्चा, 14 जून से हर रविवार करेगी भूख हड़ताल

**गुरुग्राम में नए जिला नागरिक अस्पताल के निर्माण में देरी को लेकर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी 14 जून से हर रविवार भूख हड़ताल करेगी और चेतावनी दी है कि यदि जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो जनता से चंदा इकट्ठा कर प्रतीकात्मक भूमि पूजन किया जाएगा।**

**गुरुग्राम , 7 जून :** पुराने जिला नागरिक अस्पताल को तोड़े जाने के लगभग तीन साल बाद भी नए अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है, जिस पर कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 14 जून से प्रत्येक रविवार पार्टी भूख हड़ताल आयोजित करेगी।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ, तो जनता से चंदा एकत्रित कर अस्पताल का प्रतीकात्मक भूमि पूजन किया जाएगा। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल धानक ने कहा कि सरकार ने आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनाने के बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन आज तक निर्माण स्थल पर एक ईंट भी नहीं लगाई गई।

इससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। यदि सरकार के पास अस्पताल निर्माण के लिए संसाधनों की कमी है, तो कांग्रेस कार्यकर्ता और आमजन मिलकर चंदा जुटाएंगे और भूमि पूजन कर सरकार को उसकी जिम्मेदारी का अहसास कराएंगे।





बता दें कि पिछले पांच साल से सिविल लाइंस में अस्पताल के निर्माण की चर्चा चल रही है। कुछ दिन पहले निर्माण की जिम्मेदारी एचएसआइआइडीसी को दी गई है।

# गुरुग्राम में बेखौफ बदमाशों का आतंक, पूर्व सैन्य अधिकारी के घर 30 मिनट तक लूटपाट

**गुरुग्राम , 7 जून :** बदमाशों ने पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए पूर्व सैन्य अधिकारी के परिवार के लोगों को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बेखौफ बदमाश ग्रिल काटकर घर में घुसे। इसके बाद एक-एक कर सभी को हथियारनुमा चीजों के बल पर अपने नियंत्रण लिया।

शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। फिर वारदात को अंजाम देकर सभी आराम से निकल गए। यह हाल तब है जब लगभग डेढ़ किलोमीटर के भीतर ही थाना है। दो किलोमीटर के भीतर एसीपी कार्यालय है। मामला शहर के पाश इलाकों में से एक सेक्टर-23 का है। पूर्व सैन्य अधिकारी कर्नल सीएल जैन परिवार के साथ प्लाट नंबर 237 में रहते हैं। चार जून की देर रात लगभग दो बजकर नौ मिनट पर चार बदमाश उनके घर में घुसे। पहले घर के पीछे लगे सीसीटीवी कैमरे का रुख दीवार की ओर मोड़ दिया।

इसके बाद पहली मंजिल की खिड़की की लोहे की ग्रिल काटकर सभी अंदर प्रवेश कर गए। उनके हाथों में बड़े स्क्रूड्राइवर, पाइप रिंच और धारदार हथियार थे। सबसे पहले बदमाश उस कमरे में पहुंचे, जहां उनके बेटे विकास जैन की पत्नी राखी और 11 वर्षीय बेटी सो रही थीं। दोनों को हथियारों के बल पर बंधक बना लिया गया और जान से मारने की धमकी देकर महिला से हीरे की बालियां, नथ, अंगूठियां और कंगन उतरवा लिए। इसके बाद ड्रेसिंग टेबल और अलमारियों की तलाशी लेकर पांच हीरे की अंगूठियां, चार सेट हीरे के टॉप्स, एक सोने का मंगलसूत्र और तीन सोने की चेन समेत करीब आठ से नौ लाख रुपये के जेवर समेट लिए। शोर सुनकर जब विकास जैन अपने कमरे से बाहर निकले तो उन्हें भी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक कमरे में बैठा दिया गया।



एक बदमाश नुकीले औजार लेकर पहरा देता रहा जबकि बाकी तीन घर की तलाशी लेते रहे। परिवार के सभी सदस्यों के मोबाइल फोन मकान की पिछली बालकनी में फेंक दिए ताकि जाने के बाद तत्काल पुलिस को फोन कर सकें। लगभग 30 मिनट तक बदमाशों ने घर की तलाशी ली।

**भूतल पर रहते हैं कर्नल सीएल जैन**

वारदात के समय घर के भूतल पर कर्नल सीएल जैन अपनी पत्नी व छोटे बेटे के साथ मौजूद थे। छोटे बेटे तीन जून की देर रात यूएसए से आए थे। वह वहां एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं। इसके बावजूद बदमाश पहली मंजिल पर पूरी वारदात को अंजाम देकर आराम से निकल गए।

वारदात की जानकारी होते ही उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम में घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस, क्राइम ब्रांच, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डाग स्क्वायड मौके पर पहुंचे। डाग स्क्वायड घर के पीछे तक जाकर रुख गया। शक के आधार पर घरेलू सहायिका को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

**बदमाशों के चेहरे पर नकाब और हाथों में थे दस्ताने**

बदमाश पड़ोस के घर की दीवार पर चढ़कर पहले तल पर पहुंचे। बदमाशों ने अपने चेहरे को कपड़े (नकाब) से ढक रखा था और हाथों में दस्ताने भी पहने हुए थे। पुलिस को घटनास्थल से एक कपड़ा भी मिला है, जिसे जांच के लिए कब्जे में लिया गया है।

पीड़ित परिवार की शिकायत पर पालम विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उद्योग विहार एसीपी कुलदीप सिंह ने बताया कि घटना की जांच के लिए टीमों का गठन किया गया है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपितों की पहचान में जुटी है।

**पुलिस को सूचना देने पर अंजाम भुगतने की दी धमकी**

वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश परिवार को धमकी देकर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस सूचना दी गई तो अंजाम बुरा होगा। बदमाश पीछे के रास्ते से निकल गए और कुछ देर तक परिवार दहशत में रहा। बदमाशों के जाने के करीब 10 मिनट बाद विकास ने डायल-112 पर काल कर पुलिस कंट्रोल को सूचना दी।

उसी दौरान जब परिवार के लोग घर के बाहर पहुंचे तो उन्हें एक पीसीआर जाता दिखा, जिसे उन्होंने रुकवाकर मदद मांगी। उस समय तक पीसीआर कर्मियों को वारदात की जानकारी नहीं थी।

# एक ही घर से उठीं 5 अर्थियां, नम आंखों से दी अंतिम विदाई; दिल्ली अग्निकांड में CA का पूरा परिवार खत्म

**गुरुग्राम , 7 जून :** दिल्ली के हौजरानी इलाके में "फ्लोरिश स्टे" नाम से चल रहे अवैध होटल में आग लगने से जिंदा जले सीए विवेक अग्रवाल सहित उनके परिवार के पांच लोगों के शव आते ही इलाके का माहौल गमगीन हो गया।

वहीं, कुछ ही देर में सैकड़ों लोग पहुंचे गए। सभी की आंखें नम थीं। ऐसे काफी लोग पहुंचे जिनका पीड़ित परिवार से कोई संबंध नहीं। किसी की जुबान पर कोई शब्द नहीं था। सभी एक-दूसरे को टकटकी लगाए देखते रहे।

इसके बाद जब अंतिम यात्रा निकली, महिलाओं के क्रंदन से ऐसा लगा मानो धरती का सीना फट जाएगा। ढांढस बंधाने वाले भी फूट-फूट कर रोने लगे। आसपास के भवनों में काम करने वाले लोग भी अपने आंसू नहीं रोक सके।

**दिल्ली में जुटा था पूरा परिवार**

सीए विवेक अग्रवाल अपने पिता राधेश्याम अग्रवाल, माता हेमलता अग्रवाल, पत्नी तर्जनी अग्रवाल, बड़ी बेटी जीविशा एवं छोटी बेटी वारिया के साथ पिछले लगभग दो साल से सेक्टर-46 में रह रहे थे। उनके पिता राधेश्याम अग्रवाल गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं। उन्हें देखने के लिए पूरा परिवार व रिश्तेदार दिल्ली में मंगलवार रात जुटा था।

बुधवार सुबह होटल में आग लग गई। जिसमें विवेक अग्रवाल सहित उनके परिवार के पांचों सदस्य जिंदा जल गए। पोस्टमार्टम के बाद बृहस्पतिवार दोपहर दो बजे सभी के शव अलग-अलग एंबुलेंस से आवास पर लाए गए। कुछ देर तक किसी की हिम्मत ही नहीं हुई एंबुलेंसों से शवों को बाहर निकालने की।

**अलग-अलग एंबुलेंस से निकली अंतिम यात्रा**

एक बुजुर्ग रिश्तेदार एंबुलेंस के नजदीक पहुंचते ही इस तरह रोने लगे कि कई लोगों को उन्हें संभालना पड़ा। काफी महिलाएं कुछ मिनट से अधिक देर तक शवों के नजदीक रुक नहीं सकीं।



वह रोती हुईं बाहर निकल गईं। युवाओं ने आगे बढ़कर अंतिम यात्रा की शुरू कराई। अंतिम यात्रा भी अलग-अलग एंबुलेंस से निकाली गई। यात्रा निकलने के दौरान कोई ऐसा नहीं था जिसकी आंखें नम नहीं थीं। सेक्टर-46 स्थित घर से लेकर सेक्टर-38 स्थित शमशान स्थल तक दोनों तरफ जगह-जगह काफी संख्या में लोग दोनों हाथ जोड़े खड़े दिखे। सेक्टर-38 शमशान स्थल के आसपास काफी संख्या में कारपोरेट कार्यालय हैं।

एंबुलेंस आने की लगातार आवाज सुन कारपोरेट कार्यालयों में काम करने वाले लोग भी सड़क के किनारे पहुंच गए। नाम न छापने की शर्त पर कुछ कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना के बाद पहली बार ऐसा माहौल देखा। मुखाग्नि चचेरे भाइयों महेंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल आदि ने दी।

अंतिम संस्कार में स्वजन व राजस्थान के पूर्व सहायक महाधिवक्ता वैंकटेश गर्ग, स्थानीय व सेवा संघर्ष समिति के अध्यक्ष विनोद ठाकरान, केसी गिल, राजेंद्र बोकन, धर्मबीर पूनिया, एनसी गुप्ता, जितेंद्र ठाकरान, सहदेव गर्ग, जेके सहगल, अतुल बजाज, नरेश ग्रोवर, रणधीर सिंह, केके यादव, नरेश गुप्ता, सुरेश नैन, धीरेंद्र खड़कवाल, घनश्याम कौशिक, अनिल कौशिक, अवधेश यादव, कृष्ण यादव, आरएस वशिष्ठ एवं आरके शर्मा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

**पूरे शहर में अग्निकांड की चलती रही चर्चा**

बृहस्पतिवार को शहर में हर जगह लोग एक वंश के समाप्त होने की चर्चा करते रहे। चाय की दुकानों पर भी यही चर्चा चलती रही। सभी व्यवस्था को कोसते दिखे। लोगों का कहना है कि इस घटना के बाद प्रशासन को चेत जाना चाहिए। मेदांता के सामने व आसपास के इलाकों में सैकड़ों गेस्ट हाउस एवं पीजी बने हुए हैं। सेक्टर-40 निवासी राकेश वर्मा एवं नरेंद्र कुमार का कहना है कि पैसे कमाने के चक्कर में लोगों को कुछ नहीं दिख रहा है। संवेदना खत्म होती जा रही है। यदि ऐसा न होता तो आज एक वंश समाप्त नहीं होता। सभी अवैध होटल, गेस्ट हाउस एवं पीजी पर तत्काल प्रभाव से ताला लगाना चाहिए। विदेशी भी आकर इसमें ठहरते हैं। आज पूरी दुनिया में देश के बारे में कितना गलत संदेश गया।

# लिफ्ट की जगह सीढ़ी, बदले कपड़े, फर्जी ID पर होटल... सब कुछ था परफेक्ट, फिर कैसे धरे गए DU प्रोफेसर के हत्यारे?.

**दिल्ली , 7 जून :** चेहरा छिपाकर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से भागना, बार-बार कपड़े बदलना और दूसरों के फर्जी पहचान पत्रों का सहारा लेना शातिर कातिलों ने इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को परफेक्ट क्राइम बनाने की पूरी कोशिश की थी. लेकिन दिल्ली पुलिस की ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने रिवर्स इंवेस्टिगेशन और तकनीकी सर्विलांस का ऐसा जाल बुना कि फर्जी आईडी से जुड़े मोबाइल नेटवर्क ने बर्दवान तक का पूरा रूट उगल दिया, जिससे हत्यारा परिवार दबोच लिया गय. नई दिल्ली. रात का सन्नाटा, चेहरे पर नकाब, हाथों में धारदार उस्तरा और दिमाग में खूनी साजिश. दिल्ली यूनिवर्सिटी की एक महिला प्रोफेसर को रास्ते से हटाने के लिए अपनों ने ही मौत का ऐसा खौफनाक जाल बुना जिसे देखकर दिल्ली पुलिस की तफ्तीश टीम भी दंग रह गई. 3 जून 2026 की उस मनहूस शाम को जब वारदात को अंजाम देकर कातिल परिवार बेहद शातिराना अंदाज में दिल्ली से करीब 1200 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल के बर्दवान भाग गया, तो उन्हें लगा कि वे कानून की नजरों से बच निकले हैं. सीसीटीवी कैमरों के आगे चेहरा छिपाना, लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल, बार-बार कपड़े बदलना और पुलिस को गुमराह करने के लिए दूसरों के पहचान पत्रों का इस्तेमाल करना—कातिलों ने बचने की हर मुमकिन कोशिश की थी. लेकिन वे यह भूल गए कि क्राइम कितना भी परफेक्ट क्यों न हो, कानून के हाथ कातिल के गिरेबान तक पहुंच ही जाते हैं. ईस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस की जांबाज टीम ने महज 72 घंटों के भीतर आसमान से लेकर जमीन तक



ऐसा चक्रव्यूह रचा कि कलाई काटने वाले उस्तरे और लूटे गए मोबाइल के साथ पूरा परिवार सलाखों के पीछे पहुंच गया.

**डिजिटल-फिजिकल मास्क भी नहीं बचा पाए**


क्राइम इंवेस्टिगेशन के नजरिए से देखा जाए तो डीयू प्रोफेसर हत्याकांड आधुनिक फॉरेंसिक, डिजिटल सर्विलांस और ट्रेडिशनल पुलिसिंग के बेहतरीन तालमेल का एक सटीक उदाहरण है. आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए डिजिटल मास्क (दूसरों के पहचान पत्रों का इस्तेमाल) और फिजिकल मास्क (कपड़े बदलना, चेहरे छिपाना) दोनों का इस्तेमाल किया था. अक्सर ऐसे मामलों में पुलिस शुरुआती तौर पर गुमराह हो जाती है क्योंकि गेस्ट हाउस के रिकॉर्ड्स में नाम और पते फर्जी थे

**दोबारा छिपने का मौका ही नहीं दिया**

लेकिन दिल्ली पुलिस की ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने इस ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए 'रिवर्स इंवेस्टिगेशन' तकनीक का सहारा लिया. उन्होंने घटनास्थल के सीसीटीवी कैमरों की कड़ियों को आपस में जोड़ा, जिससे गेस्ट हाउस का सुराग मिला. इसके बाद, फर्जी आईडी से लिंक सेलुलर नेटवर्क को ट्रैक कर पुलिस ने आरोपियों की यात्रा के रूट (ट्रेन जर्नी) को डिकोड किया. समय की महत्ता को समझते हुए पुलिस ने ट्रेन या सड़क मार्ग के बजाय हवाई मार्ग (AIR ROUTE) चुना, जिसने आरोपियों को संभलने या दोबारा छिपने का मौका ही नहीं दिया. मृतका का मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल उस्तरा बरामद होना कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ सबसे बड़ा पुख्ता सबूत साबित होगा.

# मंथन से निकलेगा 'अमृत' संघ प्रमुख मोहन भागवत का 'मिशन बिहार', सामाजिक समरसता की नई रणनीति

**दिल्ली , 7 जून :** मुंगेर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में शताब्दी वर्ष के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. संघ इस समय अपने शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों को देशव्यापी स्तर पर आगे बढ़ा रहा है. इसी क्रम में संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत रविवार (7 जून) की शाम बिहार के मुंगेर पहुंच रहे हैं. उनका यह तीन दिवसीय प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है. इस दौरान वे संघ शिक्षा वर्ग में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे और विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में शामिल होंगे. प्राप्त जानकारी के अनुसार संघ प्रमुख मुंगेर के पुरानीगंज स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग में हिस्सा लेंगे. मोहन भागवत के मुंगेर आगमन और प्रवास को लेकर स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवकों में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है.



**700 से अधिक स्वयंसेवक ले रहे प्रशिक्षण**

बता दें कि मोहन भागवत स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर, पुरानीगंज परिसर में आयोजित 'संघ शिक्षा वर्ग' में पूरे तीन दिनों तक प्रवास करेंगे. संघ प्रमुख के इस महत्वपूर्ण दौरे को लेकर मुंगेर जिला प्रशासन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय संगठन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच स्थानीय स्वयंसेवकों में संघ प्रमुख के आगमन को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल देखा जा रहा है. संघ सूत्रों के अनुसार वर्तमान में चल रहे तीन प्रशिक्षण वर्गों में करीब 700 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं. इन वर्गों में विभिन्न आयु वर्ग और जिम्मेदारियों वाले स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण का उद्देश्य संगठनात्मक क्षमता का विकास, नेतृत्व कौशल को मजबूत करना और समाज जीवन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार करना है. मुंगेर ही क्यों? अंग प्रदेश में पैठ मजबूत करने की बड़ी रणनीति सूत्रों के अनुसार, इस शताब्दी वर्ष के बीच संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत का बिहार के मुंगेर पहुंचना महज एक सामान्य सांगठनिक दौरा नहीं है, बल्कि इसके पीछे गहरे सामाजिक और रणनीतिक मायने छिपे हैं. जानकारों की मानें तो संघ प्रमुख के प्रवास के लिए मुंगेर और अंग प्रदेश के इस इलाके को चुनना एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है. दरअसल, मुंगेर, भागलपुर और आसपास के ये इलाके वैचारिक रूप से हमेशा से समाजवादियों का गढ़ रहे हैं. संघ अपने शताब्दी वर्ष में अपनी पहुंच समाज के उस अंतिम पायदान तक बनाना चाहता है, जो अब तक दक्षिणपंथी विचारधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है. तीन दिनों के इस प्रवास के दौरान मोहन भागवत विभिन्न सत्रों में संघ की कार्यप्रणाली पर तो बात करेंगे ही, लेकिन उनका मुख्य फोकस इस क्षेत्र के पारंपरिक सामाजिक ताने-बाने को भेदकर 'हिंदू समाज की एकजुटता' को एक नई धार देना है.

**संघ के मंथन से निकलेगा 'सोशल इंजीनियरिंग' का मंत्र**


बता दें कि सरस्वती विद्या मंदिर के इस शिविर में वर्तमान में तीन अलग-अलग श्रेणियों के प्रशिक्षण वर्गों को मिलाकर लगभग 700 से अधिक चयनित स्वयंसेवक कड़े अनुशासन के बीच आवासीय ट्रेनिंग ले रहे हैं. मोहन भागवत का इन स्वयंसेवकों के बीच आना इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ये 700 मास्टर ट्रेनर्स सीधे संघ प्रमुख से मंत्र लेकर बिहार और झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में जाएंगे. संघ सूत्रों के अनुसार, मोहन भागवत इन स्वयंसेवकों को 'सामाजिक समरसता' का वह व्यावहारिक पाठ पढ़ाएंगे, जिससे जातिगत रूप से बंटे बिहार के समाज में संघ की स्वीकार्यता को और व्यापक बनाया जा सके. स्वयंसेवकों को यह सिखाया जाएगा कि कैसे हर वर्ग, जाति और उपजाति के लोगों को एक ही शाखा के नीचे लाकर खड़ा करना है.

**अंतिम पड़ाव में संघ का 'बदलाव मॉडल' और प्रशासनिक मुस्तैदी**

इस दौरे का एक और बड़ा कोण यह है कि 100 साल पूरे होने पर संघ अपनी पुरानी छवि को बदलकर खुद को 21वीं सदी की आधुनिक चुनौतियों के अनुकूल ढाल रहा है. बंद कक्षों की बैठकों में इस बात पर भी विमर्श होना तय है कि कैसे राष्ट्र सेवा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों के जरिए युवाओं को सीधे संघ से जोड़ा जाए. इस हाई-प्रोफाइल दौरे के रणनीतिक महत्व को देखते हुए मुंगेर जिला प्रशासन ने भी सुरक्षा और प्रशासनिक स्तर पर अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं. सरसंघचालक का यह तीन दिवसीय प्रवास जब 9 जून को समाप्त होगा, तब तक बिहार के सांगठनिक ढांचे को 'शताब्दी संकल्प' का वह रोडमैप मिल चुका होगा, जिसके परिणाम आने वाले समय में जमीन पर साफ दिखाई देंगे.

# बिना GATE दिल्ली IIT देगा NIT के छात्रों को एडमिशन, मिलेगा एक्सचेंज प्रोग्राम और रिसर्च का मौका, जानें नियम

**दिल्ली , 7 जून :** देश में इंजीनियरिंग शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और छात्रों को अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) दिल्ली ने एक महत्वपूर्ण पहल की है. IIT दिल्ली ने देश के 18 राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (NIT) के साथ साझेदारी की है. इस सहयोग का सीधा लाभ इंजीनियरिंग छात्रों को मिलेगा. इससे उन्हें पढ़ाई, रिसर्च और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे. इस पहल की औपचारिक शुरुआत 4 जून को IIT दिल्ली परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुई. कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों, IIT दिल्ली के निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी और विभिन्न NIT संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया.





**NIT के छात्रों को मिलेगा IIT दिल्ली में पढ़ने का मौका**

नई व्यवस्था के तहत 18 NIT संस्थानों के मेधावी छात्र अपने अंतिम वर्ष में कुछ समय के लिए IIT दिल्ली में अध्ययन कर सकेंगे. यहां उन्हें प्रतिष्ठित प्रोफेसरों के मार्गदर्शन में पढ़ने, शोध कार्य करने और आधुनिक तकनीकों को समझने का अवसर मिलेगा. अंडरग्रेजुएट (UG) छात्र अपने अंतिम वर्ष में विशेष एक्सचेंज स्टूडेंट के रूप में IIT दिल्ली में पढ़ाई कर सकेंगे. इस दौरान वे एडवांस कोर्स, रिसर्च प्रोजेक्ट और विशेषज्ञ फैकल्टी के साथ काम करके अपने ज्ञान और कौशल को विकसित कर सकेंगे. वहीं, पोस्टग्रेजुएट (PG) छात्रों को भी रिसर्च और अन्य अकादमिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा.

**बिना GATE के भी मिल सकता है दाखिला**

इस पहल की सबसे खास बात यह है कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को GATE परीक्षा दिए बिना IIT दिल्ली के M.TECH, MS (RESEARCH) और PHD जैसे कार्यक्रमों में प्रवेश का अवसर मिल सकता है. हालांकि, इसके लिए छात्रों को निर्धारित शैक्षणिक और शोध संबंधी मानकों को पूरा करना होगा. इस व्यवस्था से प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ने का बेहतर मौका मिलेगा और उच्च शिक्षा की दिशा में उनका समय भी बचेगा.

# 'लड़कियां किसी से कम नहीं'! 12000 फीट की ऊंचाई पर लहराया तिरंगा, CSU के छात्रों ने रचा साहस का इतिहास

**दिल्ली , 7 जून :** बारिश, बर्फबारी और कठिन पहाड़ी रास्तों जैसी मुश्किल चुनौतियों को पार करते हुए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (CSU) के एक युवा छात्र-छात्राओं ने हिमालय की 12000 फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराकर साहस और देशभक्ति का अनूठा परिचय दिया है. खराब मौसम के बावजूद इन स्टूडेंट्स ने अपने अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया. मंगलवार को जब ये सभी स्टूडेंट विश्वविद्यालय पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत हुआ और इनको सम्मानित किया गया. इस दौरान छात्र कल्याण अधिष्ठात्री प्रो. लीना सक्करवाल ने बताया कि यूनिवर्सिटी की ओर से 50 स्टूडेंट्स को भेजा गया था. इसमें 17 लड़कियां और बाकी लड़के थे. इसका मुख्य उद्देश्य था हिमालय के शिखर तक संस्कृत को पहुंचाना और तिरंगा के साथ-साथ संस्कृत के भी झंडे को फहराना. उन्होंने बताया कि संस्कृत भारती, तरुणोदय संस्कृत सेवा संस्था (शिवमोग्गा), यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरुणोदय इकाई, शिवमोग्गा और गीर्वाण भारती इकाई, श्री आदिचुंचनगिरि क्षेत्र के संयुक्त तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश की कुल्लू घाटी स्थित रोली-खोली हिमालय पर्वत पर ध्वजारोहण किया गया है. ध्वजारोहण करके लौटे सभी स्टूडेंट्स को कुलपति प्रो. श्रीनिवास



वरखेड़ी ने सम्मानित किया.

**2 घंटे का सफर 44 मिनट में पूरा किया**

बातचीत में ध्वजारोहण में गए हुए स्टूडेंट भट्ट कृष्ण ने बताया कि 26 मई को बस से यहां से यात्रा शुरू की गई थी और उसी दिन रात में सभी लोग पहुंच गए थे. अगले दिन मेडिकल टेस्ट हुआ था. उसके बाद चढ़ाई शुरू की थी. तीन दिन लग गए इस पूरी यात्रा को पूरा करने में यानी 26000 किलोमीटर ऊपर पहुंचने में 3 दिन का सफर तय किया और जो 2 घंटे का सफर था उसे 44 मिनट में ही टीम ने पूरा कर लिया था. वहीं, एक और स्टूडेंट नमन ने बताया कि शुरुआत में दिक्कत नहीं हुई थी, लेकिन जैसे-जैसे 26000 किलोमीटर के करीब पहुंच रहे थे, वैसे बर्फबारी शुरू हो गई थी और बीच में बारिश होने लग गई थी. रास्ता फिसलने लगा था. ऑक्सीजन का स्तर कम हो गया था. लग रहा था कि शायद बीच से ही लौटना पड़ेगा लेकिन फिर भी किसी ने हिम्मत नहीं हारी. स्टूडेंट के साथ कोऑर्डिनेटर के तौर पर गए हुए राजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया की यात्रा कठिन थी लेकिन स्टूडेंट्स में जज्बा था. इसीलिए इसे पूरा किया जा सका. चुनौतियां बहुत थी, लेकिन कम समय में 26000 किलोमीटर ऊपर पहुंचकर ध्वजारोहण किया गया.

**लड़कियां बोली नहीं हुई कोई दिक्कत**

26000 किलोमीटर ऊंचाई पर जो ध्वजारोहण हुआ है उसमें महिला शक्ति और छात्राओं का भी पूरा योगदान रहा है. क्योंकि 17 लड़कियां गई थी. इसी में एक स्टूडेंट कशिश ने बताया कि लोग कहते हैं कि लड़कियों के लिए ऐसी यात्रा या सफर कठिन होता है, लेकिन किसी भी लड़की ने हिम्मत नहीं हारी और ना ही ऐसी कोई हमें चुनौतियों का सामना करना पड़ा. बस जब बर्फबारी हुई और बारिश हुई तब सभी को दिक्कत हुई थी. बाकी सभी लड़कियों ने मजबूती से इस पूरे अभियान को पूरा किया. वहीं, एक और छात्रा सपना पांडेय ने बताया कि शुरुआत में चढ़ते समय सांस फूल रही थी. क्योंकि ऑक्सीजन कम होता जा रहा था, लेकिन टीम मजबूत थी. इसलिए इस यात्रा को पूरा किया जा सका.

# पूरे पंजाब में 10 लाख मजदूरों का मुफ्त रजिस्ट्रेशन किया जाएगा, CM भगवंत मान का ऐलान

**चंडीगढ़ , 7 जून :,** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज पूरे पंजाब में 10 लाख निर्माण मजदूरों के मुफ्त पंजीकरण और पुराने पंजीकरण को नवीनीकृत करने के लिए बड़ी मुहिम का ऐलान किया. इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों और शहरी क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाकर कल्याण योजनाओं का लाभ सीधे मजदूरों तक पहुंचाया जाए. पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार हर निर्माण मजदूर को सामाजिक सुरक्षा लाभ, कल्याण सहायता और कौशल विकास के अवसर प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है. इस दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "पंजाब बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन निर्माण मजदूरों के पंजीकरण, वित्तीय सहायता और कल्याण योजनाओं के माध्यम से उनकी भलाई, सामाजिक सुरक्षा और सामाजिक-आर्थिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए किया गया है. यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आवश्यक धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद लंबे प्रोसेसिंग समय के कारण मजदूरों के लिए कल्याण योजनाएं आवश्यक सफलता हासिल नहीं कर सकीं." कल्याण योजनाओं का दायरा बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, "इस समय बी.ओ.सी.डब्ल्यू.



वेलफेयर बोर्ड के पास 2.21 लाख मजदूर पंजीकृत हैं, जो पंजाब भर में चल रही बड़े पैमाने की निर्माण गतिविधियों और शहरीकरण को देखते हुए काफी कम है. पंजीकरण में सुधार के लिए राज्य भर में और पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे."कौशल विकास के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने बोर्ड को 50,000 पंजीकृत निर्माण मजदूरों का विवरण 'पंजाब स्किल डेवलपमेंट मिशन' के साथ साझा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा, "बोर्ड को कौशल प्रशिक्षण के लिए 50,000 पंजीकृत निर्माण मजदूरों का डेटा पंजाब स्किल डेवलपमेंट मिशन को उपलब्ध कराना चाहिए. यह प्रशिक्षण केवल निर्माण स्थलों, पंजाब स्किल डेवलपमेंट मिशन के प्रशिक्षण केंद्रों और बी.ओ.सी. डब्ल्यू. वेलफेयर बोर्ड द्वारा लगाए गए शिविरों में ही दी जानी चाहिए." उन्होंने कहा कि मजदूरों को ऐसे विशेष क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जो उनके कौशल और कमाई की क्षमता को बढ़ा सकें. उन्होंने कहा, "राजगीरी (मेसनरी), बार बेंडिंग एंड फिक्सिंग, शटरिंग कारपेंटरी, स्कैफोल्डिंग (पैड़ बांधना), क्वालिटी एशोरेंस, कंस्ट्रक्शन पेंटिंग, कंस्ट्रक्शन इलेक्ट्रिकल वर्क्स, सर्वेक्षण, सड़कों और रनवे का निर्माण, आंतरिक और बाहरी फिनिशिंग, फैब्रिकेशन, ड्राफ्टिंग, शटरिंग कारपेंटरी और अन्य संबंधित क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए." मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए कि महिला मजदूरों को पंजाब सरकार की प्रमुख कल्याण योजनाओं का लाभ मिले. मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, "बोर्ड को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महिला मजदूरों को 'मांवा-धीयां सत्कार योजना' के तहत वित्तीय सहायता भी मिले." बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.



# 9,49,50,50,00,00,000 रुपयेः एलन मस्क बना सकते हैं कमाई का नया रिकॉर्ड

**वॉशिंगटन , 7 जून :** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी एलन मस्क जल्द ही एक ऐसा रिकॉर्ड बना सकते हैं, जो अब तक किसी भी व्यक्ति ने हासिल नहीं किया।

मौजूदा अनुमान सही साबित हुए तो टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब

**एलन मस्क बना रहे कमाई का बड़ा रिकॉर्ड**

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, मस्क की संपत्ति का बड़ा हिस्सा उनकी कंपनियों में हिस्सेदारी के रूप में है। टेस्ला में उनके शेयर और स्टॉक ऑप्शंस की कीमत करीब 273 अरब डॉलर आंकी गई है। वहीं, अगर स्पेसएक्स का IPO आता है, तो इससे उनकी नेटवर्थ में लगभग 841 अरब डॉलर तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

हालांकि, मस्क की यह दौलत नकद रूप में नहीं है, बल्कि कंपनियों के शेयरों और निवेश के रूप में है, जिसकी कीमत बाजार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करती है।

**कई देशों की अर्थव्यवस्था से भी ज्यादा संपत्ति**

अगर मस्क की संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचती है, तो यह दुनिया के कई देशों की पूरी अर्थव्यवस्था से भी बड़ी होगी। ताइवान (977 अरब डॉलर), आयरलैंड (779 अरब डॉलर), स्वीडन (760 अरब डॉलर) और सिंगापुर (660 अरब डॉलर) जैसी अर्थव्यवस्थाएं भी इससे पीछे रह जाएंगी।

न्यूयॉर्क का मैनहट्टन दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय केंद्रों में गिना जाता है। यहां वॉल स्ट्रीट और कई बड़ी कंपनियों के मुख्यालय मौजूद हैं। 2024 में मैनहट्टन की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 1 ट्रिलियन डॉलर था, यानी मस्क की संभावित संपत्ति इसके बराबर या उससे अधिक हो सकती है।

**कई टेक अरबपतियों की कुल दौलत से ज्यादा**

रिपोर्ट के अनुसार, अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस, ओरेकल के लैरी एलिसन और गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज व सर्गेई ब्रिन की संयुक्त संपत्ति लगभग 1.09 ट्रिलियन डॉलर है। यानी अकेले मस्क की अनुमानित संपत्ति इन सभी दिग्गजों की कुल दौलत के लगभग बराबर पहुंच सकती है।

अमेरिका के टेक्सास राज्य का ह्यूस्टन शहर तेल और गैस उद्योग का बड़ा केंद्र माना जाता है। यहां की सभी रिहायशी और कमर्शियल प्रॉपर्टी की कुल कीमत करीब 879 अरब डॉलर आंकी गई है, जो मस्क की संभावित संपत्ति से कम है।

**दुनिया की बड़ी स्पोर्ट्स टीमों को खरीदने जितनी दौलत**

फोर्ब्स के मुताबिक, दुनिया की 50 सबसे मूल्यवान स्पोर्ट्स टीमों की कुल कीमत करीब 353 अरब डॉलर है। मस्क की अनुमानित संपत्ति इससे लगभग तीन गुना ज्यादा हो सकती है। इतनी दौलत से दुनिया की ज्यादातर बड़ी खेल टीमें खरीदी जा सकती हैं। 9,49,50,50,00,00,000 रुपये तक पहुंच सकती है।9,49,50,50,00,00,000 रुपये तक पहुंच सकती है।

# ईरान डील पर डोनल्ड ट्रंप की सख्त शर्तें बोले- पहले समझौता, फिर मिलेगी राहत



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित शाति समझौते के लिए कड़ी शर्तें रखी हैं, जिसमें अंतिम समझौते से पहले प्रतिबंधों में कोई ढील या संपत्ति जारी न करना शामिल है।

**वॉशिंगटन , 7 जून :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ संभावित शांति समझौते को लेकर अपनी शर्तें साफ कर दी हैं। ट्रंप ने कहा है कि किसी भी अंतिम समझौते से पहले ईरान पर लगे प्रतिबंधों में कोई राहत नहीं दी जाएगी और न ही उसके फ्रीज किए गए विदेशी संपत्तियों को खोला जाएगा।

NBC News के कार्यक्रम "Meet the Press" में बातचीत के दौरान ट्रंप से पूछा गया कि क्या भविष्य में ईरान की संपत्तियां खोली जा सकती हैं। इस पर उन्होंने जवाब दिया, 'अगर वे सही व्यवहार करते हैं, अच्छा काम करते हैं और बातचीत आगे बढ़ती है, तब हम इस पर बात शुरू करेंगे।

**लेबनान को लेकर भी दी सफाई**

ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि वह किसी अल्पकालिक समझौते में लेबनान को शामिल करने की मांग नहीं कर रहे हैं। उनका यह बयान





ऐसे समय आया है जब ईरान से जुड़ा संघर्ष 100वें दिन में पहुंच चुका है। हालांकि 8 अप्रैल को संघर्ष विराम लागू हुआ था, लेकिन स्थायी शांति समझौते को लेकर बातचीत बार-बार अटकती रही है। अब तक किसी अंतिम समझौते पर सहमति नहीं बन सकी है।

**ईरान अभी तैयार नहीं- ट्रंप**

ट्रंप ने शुक्रवार को भी कहा था कि ईरान ने अब तक अमेरिका समर्थित प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया है। उनके अनुसार, इसकी वजह ईरानी नेतृत्व की कठोर सोच और हिचकिचाहट है। उन्होंने कहा कि वे मजबूत हैं, गर्व से भरे हैं और अब उन्हें ऐसी चीजें करनी पड़ेंगी, जिनके बारे में उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था। उनके पास दूसरा विकल्प नहीं है और इसमें थोड़ा समय लग रहा है।

**47 साल तक बिना रोक-टोक चलता रहा- ट्रंप**

ट्रंप ने ईरान पर दशकों तक बिना पर्याप्त जवाबदेही के काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा पहले ही सुलझा लिया जाना चाहिए था। ट्रंप के मुताबिक, 47 साल तक ईरान अपनी मनमर्जी करता रहा। यह काम बहुत पहले हो जाना चाहिए था। इसे दूसरे राष्ट्रपतियों या अन्य देशों को पहले ही करना चाहिए था।

# 40 साल तक समुद्र में बिछी सुरंगों का किया खात्मा, MH-53E हेलीकॉप्टर की अब अमेरिकी नौसेना से होगी विदाई



मिडिल ईस्ट में तनाव के बीच सामने आया कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंग बिछा रखी हैं, लेकिन अमेरिका ने भी दावा किया कि वो इन बारूदी सुरंगों का लगातार खात्मा कर रहा है और जलमार्ग को सुरक्षित बना रहा है।

US नौसेना का इन बारूदी सुरंगों का खात्मा करने वाला ऐसा ही एयरक्राफ्ट इस समय चर्चा में है, जो कि अब अपनी 40 साल की सर्विस के बाद रिटायर किया जा सकता है।

**MH-53E सी ड्रैगन**

US नेवी का MH-53E सी ड्रैगन एक विशाल हेलीकॉप्टर है, जो कि करीब चार दशकों से 'एयरबोर्न माइन काउंटरमेजर' (हवा से समुद्री बारूदी सुरंगों को हटाने वाले) प्लेटफॉर्म के तौर पर काम कर रहा है।

यह हेलीकॉप्टर कमर्शियल शिपिंग और मिलिट्री जहाजों के लिए खतरा बनने वाली समुद्री बारूदी सुरंगों (नेवल माइन्स) का पता लगाने, उन्हें हटाने और बेअसर करने में सक्षम है।

यह एयरक्राफ्ट एडवांस्ड सेंसर और माइन काउंटरमेजर सिस्टम का इस्तेमाल करके पानी के नीचे मौजूद माइन्स का पता लगा सकता है और माइनफील्ड्स को साफ कर सकता है और माइन्स को बेअसर करने के ऑपरेशन में मदद कर सकता है।

यह हेलीकॉप्टर पानी में बड़े माइन-हंटिंग स्लेज को खींचकर कई समुद्री जहाजों की तुलना में बहुत तेजी से बड़े इलाकों में खोज और सफाई का काम कर सकता है। 'सी ड्रैगन' (Sea Dragon) की इसी क्षमता ने इसे दुनिया के सबसे खास और असरदार एयरबोर्न माइन-क्लियरिंग प्लेटफॉर्म में से एक बना दिया है।

**क्या-क्या काम कर सकता है ये शक्तिशाली हेलीकॉप्टर?**

MH-53E अमेरिकी सेना के अब तक के सबसे बड़े हेलीकॉप्टरों में से एक है। इस एयरक्राफ्ट की कुल लंबाई 99 फीट है, जबकि इसकी बॉडी ही 73 फीट से ज्यादा लंबी है। 28 फीट से ज्यादा ऊंचे इस हेलीकॉप्टर का अधिकतम वजन करीब 70,000 पाउंड है। इस हेलीकॉप्टर को तीन जनरल इलेक्ट्रिक T64-GE-419 टर्बोशाफ्ट इंजन से पावर मिलती है, जिनमें से हर एक लगभग 4,750 शाफ्ट हॉर्सपावर पैदा करता है। ये इंजन एयरक्राफ्ट को भारी पेलोड ले जाते समय या खास माइन काउंटरमेजर सिस्टम खींचते समय लगभग 150 नॉट्स (यानी करीब 278 किलोमीटर प्रति घंटा) की रफ्तार से उड़ने में मदद करते हैं।

MH-53E सी ड्रैगन माइन वॉरफेयर के अलावा, भारी सामान उठाने और वर्टिकल ऑनबोर्ड डिलीवरी (VOD) जैसे मिशन भी पूरे करता है। यह हेलीकॉप्टर जहाजों और तट पर बने ठिकानों के बीच सैनिकों, गाड़ियों, उपकरणों और जरूरी सामान को लाने-ले जाने में भी सक्षम है।

## रोज़मेरी: बाल झड़ने, सफ़ेद बाल और डैंड्रफ़ का समाधान

# करी पत्ते के तेल का इस्तेमाल कैसे करें?

आजकल, बहुत से लोग केमिकल ट्रीटमेंट के बजाय नेचुरल इलाज अपना रहे हैं। यहां, हम रोज़मेरी-करी ऑयल के फ़ायदों और इस्तेमाल पर नज़र डालेंगे, जो हेयर केयर में एक ट्रेंड बनता जा रहा है।

### रोज़मेरी तेल बालों के विकास को बढ़ाता है

रोज़मेरी स्कैल्प में ब्लड फ़्लो बढ़ाती है, जिससे बालों की जड़ों को ज़रूरी ऑक्सीजन और न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं, जिससे बालों की हेल्दी ग्रोथ में मदद मिलती है। यह 'DHT' हॉर्मोन को भी कंट्रोल करती है, जो बालों के झड़ने के लिए ज़िम्मेदार है, और बालों को जड़ों से झड़ने से रोकती है। 2015 में पब्लिश हुई एक स्टडी के मुताबिक, यह पाया गया है कि रोज़मेरी ऑयल का लगातार छह महीने तक इस्तेमाल करना उतना ही असरदार है जितना कि बाज़ार में मिलने वाला मशहूर हेयर ग्रोथ सीरम 'मिनोक्सिडिल 2%।

### करी पत्ते बालों की रक्षा करते हैं

करी पत्ते में मौजूद ताकतवर न्यूट्रिएंट्स बालों की ग्रोथ बढ़ाने, बालों का झड़ना और टूटना कम करने और समय से पहले सफेद होने से रोकने में मदद करते हैं। इसके अलावा, एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण डैंड्रफ जैसी स्कैल्प की समस्याओं के इलाज में भी मदद करते हैं।

### घर पर कैसे बनाएं और इस्तेमाल करें

नारियल के तेल में कुछ







कुटे हुए करी पत्ते डालें, धीमी आंच पर गर्म करें और छान लें।

तेल ठंडा होने पर, इसमें 3 से 5 बूंद रोज़मेरी तेल मिलाएं।



इस तेल को अपने स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें, बालों को खुला छोड़ दें और आराम से लेटकर सो जाएं।

सुबह माइल्ड शैम्पू से बाल धो लें।

रात भर का ट्रीटमेंट बालों के लिए सबसे अच्छा है

इस कॉम्बो का जादू यह है कि नहाने से पहले सिर को रगड़ने के बजाय रात भर भिगोकर रखें। सोते समय हमारा शरीर खुद को रिन्यू करता है। उस समय, तेल के न्यूट्रिएंट्स आसानी से बालों की जड़ों में गहराई तक जाते हैं और फायदे पहुंचाते हैं।

स इसे हफ्ते में एक बार इस्तेमाल करें, और आपको बालों की ग्रोथ में जल्द ही उम्मीद के मुताबिक नतीजे दिखने लगेंगे।

तुरंत नतीजे देने वाले केमिकल प्रोडक्ट्स में से, यह रात भर का नेचुरल ट्रीटमेंट साइंटिफिक रूप से प्रूवन है। यह सबसे अच्छा हेयर केयर रुटीन है जो थकान दूर कर सकता है और आपको आरामदायक नींद दे सकता है।




आइए देखते हैं कि चेट्टीनाड स्टाइल मटन बिरयानी कैसे बनाते हैं, जिसका स्वाद अनोखा होता है।

अगर आप इसे इस तरह बनाएंगे, तो मीट रूई जैसा मुलायम होगा, और चावल फूले हुए और खुशबूदार होंगे।

### सामग्री:

1/2 kg मटन
2 1/2 कप (500g) जीरा संबल चावल
3 बड़े प्याज (लंबाई में कटे हुए)
2 टमाटर (कटे हुए)
2 बड़े चम्मच दही
1/4 कप पुदीना और धनिया
4 हरी मिर्च
ज़रूरत के हिसाब से घी और तेल
बिरयानी मसाले मिर्च पाउडर (2 चम्मच), धनिया पाउडर (1 चम्मच), गरम मसाला (1/2 चम्मच)

### रेसिपी का विवरण

**1. मटन उबालने के लिए:**

सबसे पहले मटन को अच्छी तरह धो लें, कुकर में थोड़ा हल्दी पाउडर, अदरक लहसुन का पेस्ट, नमक और 1 कप पानी डालकर 4 से 5 सीटी आने तक उबालें। (पानी निकालकर अलग रख दें, इससे बिरयानी में एक्स्ट्रा स्वाद आएगा)।

**2. मसाले तैयार करना:**

एक भारी तले वाले बर्तन या कुकर में तेल और घी डालें।

तेज पत्ता, लौंग, इलायची और तेज पत्ता डालकर मसाला डालें।

प्याज डालकर सुनहरा भूरा होने तक भूनें। फिर अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर कच्ची महक जाने तक भूनें।

हरी मिर्च, टमाटर, पुदीना और धनिया पत्ता डालकर टमाटर के नरम होने तक भूनें।

**3. करी डालना:**

भुने हुए मसालों में मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला और दही डालकर मिलाएं।

अब सिर्फ उबला हुआ मटन लें और उसे मसालों में डालकर 5 मिनट तक भूनें।

**4. चावल और पानी की मात्रा:**

मात्रा: 1 कप चावल के लिए 1.5 कप पानी सही मात्रा है।

सबसे पहले उबले हुए मटन का पानी नापकर डालें और बाकी में नॉर्मल पानी मिलाएं।

जब पानी उबल जाए, तो 20 मिनट भीगे हुए चावल डालें और नमक की ज़रूरत के हिसाब से मात्रा चेक करें। 5. पकाना:

जब पानी और चावल बराबर हो जाएं, तो स्टोव को धीमी आंच पर (सिमर) रखें, ढक दें और ऊपर कोई भारी चीज़ रख दें।
15 मिनट बाद स्टोव बंद कर दें। इसे अगले 10 मिनट तक न खोलें।

छोटी सी टिप: बिरयानी चलाते समय चावल को टूटने से बचाने के लिए, इसे चम्मच से किनारों से हटाकर धीरे से चलाएं। चावल को चिपकने से बचाने के लिए ऊपर से थोड़ा नींबू का रस निचोड़ दें।

# ग्लोइंग फेस के लिए मुल्तानी मिट्टी के सीक्रेट टिप्स!

बहुत से लोग जो नेचुरल स्किन-केयर के तरीके पसंद करते हैं, वे मुल्तानी मिट्टी वाले फेशियल पर बहुत ज़्यादा भरोसा करते हैं, जो चेहरे पर तुरंत ग्लो और ऑयल कंट्रोल करते हैं।
इसे घर पर एक बेहतरीन फेशियल के तौर पर बहुत ज़्यादा इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि यह चेहरे को गहराई से साफ़ करता है और डार्क स्पॉट, टैन, ऑयलीनेस और पिंपल के निशान कम करने में मदद करता है।
मुल्तानी मिट्टी क्या है?
मुल्तानी मिट्टी, जिसे 'फुलर्स अर्थ' भी कहा जाता है, एक नेचुरल क्ले है। इसमें चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल, गंदगी और डेड स्किन सेल्स को गहराई से साफ़ करने की क्षमता होती है।
इसका इस्तेमाल सदियों से आयुर्वेदिक दवा में भी किया जाता रहा है।

**मु ल्तानी मिट्टी फेशियल क्या करता है? यह पाउडर, जो चेहरे पर फेशियल की तरह काम करता है, इसके खास असर होते हैं जैसे: स्किन को ठंडा और आराम देना ऑयल कंट्रोल पिंपल कम करना चेहरे को चमकदार और चमकदार बनाना पोर्स को छोटा करना घर पर मुल्तानी मिट्टी फेशियल कैसे बनाएं?**

### सामग्री:

मुल्तानी मिट्टी – 2 चम्मच
गुलाब जल – 1 चम्मच
दूध या दही – 1 चम्मच
नींबू का रस – 2 बूंदें (ऑप्शनल)



### रेसिपी:

सभी चीज़ों को मिलाकर एक स्मूद पेस्ट बना लें। अपना चेहरा धोने के बाद, इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे 15-20 मिनट तक सूखने दें। ठंडे पानी से धीरे से धो लें। फायदे चेहरे पर तुरंत ग्लो डार्क टैन कम होना ब्लैकहेड्स, पिंपल्स कम होना स्मूद और क्लियर स्किन माथे और नाक के एरिया पर ऑयल कंट्रोल होना यह किसके लिए सही है?

ऑयली स्किन कॉम्बिनेशन स्किन
जिन लोगों को पिंपल की प्रॉब्लम है
ड्राई स्किन वाले लोग दूध/दही मिलाकर इसे सेफली इस्तेमाल कर सकते हैं।




2 आसान फेस पैक जो आपके चेहरे को नैचुरली लाल दिखाएंगे!

### *फेस पैक" जो ब्लड फ्लो बढ़ाते हैं (गुलाबी ग्लो के लिए पैक)*

नैचुरल पिगमेंट वाली चीज़ें आपके चेहरे को लाल और गुलाबी ग्लो देने में मदद करेंगी।

चुकंदर और दही का पैक: एक चम्मच चुकंदर का जूस, एक चम्मच गाढ़ा दही और आधा चम्मच मूंगफली का आटा मिलाएं। इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं, 15 मिनट के लिए छोड़ दें, और ठंडे पानी से धो लें। चुकंदर आपके चेहरे को तुरंत लाल ग्लो देता है; दही आपकी स्किन को सॉफ्ट बनाता है।

टमाटर और शहद का पैक: टमाटर में मौजूद 'लाइकोपीन' स्किन टोन को बेहतर बनाता है। एक चम्मच शहद को टमाटर के जूस में मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं, 10 मिनट बाद धो लें। इससे धूप से हुए काले धब्बे हट जाएंगे और आपका चेहरा ग्लो करेगा।

### *खाने की चीज़ें जो आपको अंदर से चमक देती हैं (बेदाग स्किन के लिए डाइट)*

स्किन बाहर से खूबसूरत दिखे, इसके लिए अंदर से हम जो खाना खाते हैं, वह बहुत ज़रूरी है।

लाल फल: रोज़ अपनी डाइट में ज़्यादा अनार, गाजर, चुकंदर, टमाटर और सेब शामिल करें। ये ब्लड सेल्स की संख्या बढ़ाते हैं और चेहरे को नैचुरली चमकदार बनाते हैं।

विटामिन C वाले खाने की चीज़ें: नींबू, आंवला और संतरा जैसे फल स्किन में कोलेजन का प्रोडक्शन बढ़ाते हैं और चेहरे को बिना झुर्रियों के जवान रखते हैं।

### *मसाज जो ब्लड फ्लो को रेगुलेट करती है (फेशियल मसाज टेक्नीक)*

अगर चेहरे पर ब्लड फ्लो स्मूद है, तो ही चेहरा हमेशा 'फ्रेश' रहेगा और उसका रंग अच्छा रहेगा।

मॉइस्चराइज़र मसाज: हर रात सोने से पहले, एक अच्छा मॉइस्चराइज़र या बादाम के तेल की कुछ बूँदें लगाकर अपने चेहरे पर नीचे से ऊपर (ऊपर की ओर स्ट्रोक) सर्कुलर मोशन में 5 मिनट तक धीरे से मसाज करें। कोल्ड वॉटर थेरेपी: सुबह उठने पर अपने चेहरे पर 10 से 15 बार ठंडे पानी के छीटे मारें। इससे आपके चेहरे की नसें स्टिमुलेट होंगी और आपके गाल लाल दिखेंगे।

### *इंस्टेंट मेकअप ट्रिक्स (इंस्टेंट कैमरा लुक)*

वीडियो या फ़ोटो के लिए अपने चेहरे को तुरंत लाल और सुंदर दिखाने के लिए:

ब्लश: मेकअप के दौरान अपने गालों के ऊपरी हिस्से (चीकबोन्स) पर हल्का 'पीच' या 'रोज़' रंग का ब्लश लगाएं।

लिप टिंट: अपने होंठों पर मोटी लिपस्टिक लगाने के बजाय, हल्के गुलाबी या लाल रंग का लिप टिंट लगाने से आपका चेहरा ज़्यादा नैचुरली लाल दिखेगा।

## US से भारतीयों का डिपोर्टेशन: 2026 में अब तक 1,076 लोगों को डिपोर्ट किया गया



**अमेरिका,08 जून:**

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक 1,076 भारतीयों को अमेरिका से भारत डिपोर्ट किया जा चुका है। वहीं, वर्ष 2025 में अकेले 3,567 भारतीयों को अमेरिका से डिपोर्ट किया गया था।

हाल के वर्षों में हजारों भारतीय बिना वैध वीजा के, मेक्सिको या कनाडा सीमा के रास्ते जोखिम भरे तरीके से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे हैं। इन मार्गों को स्थानीय स्तर पर "डंकी रूट" कहा जाता है। अमेरिकी सीमा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सीमा पर पकड़े जाने वाले या अमेरिका पहुंचने के बाद बिना दस्तावेजों के अवैध रूप से रहने वाले लोगों की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट किया जा रहा है।

इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच आव्रजन, लोगों की आवाजाही तथा डिपोर्टेशन से जुड़े मुद्दों पर लगातार बातचीत जारी है। अवैध आव्रजन पर नियंत्रण के साथ-साथ भारतीय नागरिकों के लिए शिक्षा और रोजगार के वैध अवसर प्रभावित न हों, इसके लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डिपोर्ट किए जाने वाले भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाना चाहिए, इस पर भारत ने जोर दिया है।

अवैध प्रवासियों को उनके देशों में वापस भेजने के लिए अमेरिका का होमलैंड सिक्योरिटी विभाग भारत सरकार के सहयोग से विशेष चार्टर फ्लाइट्स के जरिए उन्हें वापस भेज रहा है। वर्तमान द्विपक्षीय वार्ताओं में अवैध आव्रजन को रोकना प्रमुख उद्देश्य है, लेकिन भारत सरकार इस बात पर भी दृढ़ है कि योग्य भारतीय छात्रों और आईटी प्रोफेशनल्स की वैध वीजा प्रक्रिया तथा यात्रा किसी भी तरह प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

ये कार्रवाई अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन द्वारा अवैध आव्रजन के खिलाफ अपनाई जा रही सख्त नीतियों का हिस्सा है। सीमा सुरक्षा को मजबूत करना, अवैध रूप से रह रहे लोगों की पहचान करना और उन्हें डिपोर्ट करना जैसी कार्रवाइयों को और तेज किया गया है। अमेरिका की कड़ी आव्रजन नीतियों के कारण वहां अवैध रूप से रह रहे भारतीयों को लगातार डिपोर्ट किया

## कल उत्तर कोरिया जाएंगे चीनी राष्ट्रपति



**चीन,08 जून:**

रूस और चीन के पड़ोसी देशों में से एक उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में रूस के साथ अपनी निकटता काफी बढ़ाई है। विशेष रूप से, यूक्रेन के खिलाफ चल रहे युद्ध में रूस का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया सैन्य जवानों और हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। इसी बीच, परमाणु शक्ति संपन्न उत्तर कोरिया के साथ चीन भी अपने संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में चीनी राष्ट्रपति Xi Jinping एक बार फिर उत्तर कोरिया की यात्रा पर जाने वाले हैं। इससे पहले वह जून 2019 में उत्तर कोरिया गए थे। इस बीच, लगभग 7 वर्षों के बाद चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कल उत्तर कोरिया का दौरा करेंगे। इस जानकारी की पुष्टि चीन और उत्तर कोरिया, दोनों देशों की सरकारों ने की है।

पिछले वर्ष उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार चीन रहा था। उत्तर कोरिया के नेता Kim Jong Un और चीनी सरकार के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बने हुए हैं। चीनी राष्ट्रपति की उत्तर कोरिया यात्रा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## "LPG" तस्करी और "Shadow Banking" पर कार्रवाई

**अमेरिका,08 जून:**

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार, ईरान में उत्पादित एलपीजी (LPG) को "ओमान से निर्यात किए जाने वाले गैस सिलेंडर" के रूप में फर्जी तरीके से दिखाकर दक्षिण और पूर्वी एशियाई देशों में बेचने के आरोप में एक नेटवर्क पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। आरोप है कि इस नेटवर्क ने **United Arab Emirates**, **China** सहित कई देशों में स्थित शेल कंपनियों और विदेशी बैंक खातों का इस्तेमाल कर लाखों बैरल एलपीजी की तस्करी की।

इस कार्रवाई के तहत **Marshall Islands**, संयुक्त अरब अमीरात और चीन से संबंधित 12 कंपनियों तथा 6 एलपीजी परिवहन जहाजों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। इनमें से चार जहाज **Panama** के झंडे के तहत संचालित हो रहे थे, ऐसा अमेरिका ने बताया है। इसके अलावा, ईरान की मुद्रा विनिमय कंपनी **Mehrdad Geramian Nik and Partners Co** और उसके अधिकारियों को भी प्रतिबंध सूची में शामिल किया गया है। अमेरिका का आरोप है कि इस कंपनी ने पहले से प्रतिबंधित ईरानी बैंकों के लिए सैकड़ों मिलियन डॉलर मूल्य के विदेशी मुद्रा लेन-देन किए थे। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव **Scott Bessent** ने कहा कि, "ईरान के शैडो फ्लीट, शैडो बैंकिंग नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय व्यापार तक उसकी पहुंच को पूरी तरह बाधित करने के लिए अमेरिका अपनी कार्रवाई जारी रखेगा।"

# कुवैत एयरपोर्ट के पास विस्फोट, लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागे

**कुवैत, 07 जून: :**

अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान, कुवैत और बहरीन में स्थित अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाकर हमले कर रहा है।

इसी क्रम में आज तड़के कुवैत की ओर मिसाइलें और ड्रोन दागे गए। इन्हें रोकने के लिए वायु रक्षा प्रणालियां सक्रिय कर दी गईं। इस दौरान Kuwait International Airport के आसपास कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं।

वहीं, बहरीन में भी मिसाइलों और ड्रोन को बीच रास्ते में ही मार गिराया गया। इसके चलते राजधानी Manama में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजाए गए। अधिकारियों ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी।

गौरतलब है कि दो दिन पहले कुवैत एयरपोर्ट को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी। इस हमले की भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी निंदा की थी।



## लेबनान में इजरायल के लगातार हमले, सैनिकों और आम नागरिकों समेत 9 लोगों की मौत

**लेबनान,08 जून:**

हाल ही में अमेरिका की मध्यस्थता से लेबनान और इजरायल के बीच युद्धविराम लागू किया गया था। इसके बावजूद इजरायल दक्षिणी लेबनान के इलाकों में अपने हमले जारी रखे हुए है।


कल दक्षिणी लेबनान में इजरायल ने लगातार कई हवाई हमले किए।

नबातियेह और मरजायून शहरों को जोड़ने वाली सड़क पर जा रहे लेबनानी सेना के एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में लेबनानी सेना के एक ब्रिगेडियर जनरल और उनके साथ यात्रा कर रहे दो सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई।

इजरायली रक्षा बलों का कहना है कि जिस सैन्य वाहन को निशाना बनाया गया, वह युद्ध क्षेत्र में इजरायली सैनिकों की दिशा में संदिग्ध तरीके से बढ़ रहा था। इसके अलावा, उस क्षेत्र में गोलीबारी की आवाजें भी दर्ज की गई थीं। इसी कारण उस वाहन पर हमला किया गया।

इजरायल ने स्पष्ट किया है कि उसकी सैन्य कार्रवाई Hezbollah के खिलाफ है, न कि लेबनानी सेना के खिलाफ।

इसके अलावा, सक्साकिया गांव पर इजरायल द्वारा किए गए एक अन्य हवाई हमले में 6 आम नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य लोग घायल हो गए। इस



प्रकार दोनों हमलों में सैन्यकर्मियों और नागरिकों समेत कुल 9 लोगों की जान चली गई।

## इमरान खान और बुशरा बीबी को आधी रात में गुप्त रूप से अस्पताल ले जाया गया, पाकिस्तान में हंगामा!

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री Imran Khan और उनकी पत्नी Bushra Bibi को जेल अधिकारियों द्वारा आधी रात में गुप्त रूप से अस्पताल ले जाया गया। इमरान खान की पार्टी Pakistan Tehreek-e-Insaf (पीटीआई) ने इसे जेल नियमों का उल्लंघन और गंभीर मानवाधिकार हनन बताया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मंत्री शफी जान ने पेशावर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि इमरान खान पिछले चार महीनों से आंखों की समस्या से जूझ रहे हैं और उनकी दृष्टि पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। ऐसे में जेल नियमों का उल्लंघन करते हुए उन्हें और उनकी पत्नी को आधी रात में अस्पताल ले जाया गया। मंत्री के अनुसार, तीन घंटे बीत जाने के बाद भी उनकी स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इमरान खान को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने में भी बाधा डाल रही है। यहां तक कि जेल में उनसे मुलाकात की अनुमति भी नहीं दी जा रही, जो अदालत के आदेशों का उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जब पूर्व प्रधानमंत्री Nawaz Sharif जेल में थे, तब उन्हें सभी सुविधाएं प्रदान की गई थीं, लेकिन इमरान खान को एकांत कारावास में रखकर प्रताड़ित किया जा रहा है। पीटीआई नेताओं ने मांग की है कि इमरान खान और बुशरा बीबी को तुरंत इस्लामाबाद स्थित Shifa International Hospital में स्थानांतरित किया जाए तथा उनके निजी चिकित्सकों द्वारा उचित उपचार की अनुमति दी जाए।





उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण पाकिस्तान में महंगाई और बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। साथ ही, खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को केंद्र सरकार द्वारा दिए जाने वाले 480 करोड़ रुपये के बकाया फंड का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध और इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पीटीआई पूरे पाकिस्तान में आंदोलन शुरू करने जा रही है। पार्टी नेताओं ने कहा कि इमरान खान के निर्देशानुसार इन प्रदर्शनों का नेतृत्व Mahmood Khan Achakzai करेंगे।




## संयुक्त राष्ट्र का दुरुपयोग कर रहा है पाकिस्तान, भारत का कड़ा प्रहार

**नई दिल्ली,08 जून:**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर महासभा में हुई चर्चा के दौरान पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि आसिम इफ्तिखार अहमद ने कश्मीर मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस विवाद का समाधान सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार किया जाना चाहिए। पाकिस्तान के इस बयान पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई। इस संबंध में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि Parvathaneni Harish ने कहा: "मैं पाकिस्तान को याद दिलाना चाहता हूं कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का सदस्य होना एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। यह पक्षपातपूर्ण और झूठे विचारों को फैलाने का मंच नहीं है। पाकिस्तान अपने राजनीतिक उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मंचों का बार-बार दुरुपयोग कर रहा है। भारत जिन मामलों को अपना आंतरिक विषय मानता है, उन पर पाकिस्तान लगातार भ्रामक और गलत बयान दे रहा है। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। इसके विपरीत किया गया कोई भी दावा निराधार है और ऐतिहासिक तथ्यों के खिलाफ है। पाकिस्तान के खोखले बयान और बेबुनियाद दावे इस बुनियादी सच्चाई को बदल नहीं सकते।"

उन्होंने आगे कहा कि United Nations Security Council में व्यापक सुधार किए जाने की आवश्यकता है और इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

RNI No. HARHIN/25/A3341, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी एवं संपादक राहुल कुमार द्वारा सूचना प्रिंटर्स 33एस मॉडल टाउन, हिसार से छपवाकर कार्यालय आदमपुर मंडी हिसार, (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार न्यायालय होगा)।

संपादक : राहुल कुमार, फोन : 9306813001, e-mail : rajdhanichoupal@gmail.com, प्रकाशन स्थल : मकान संख्या : 114, शांति पार्क के पास, मंडी आदमपुर, हिसार (हरियाणा)